nt>

14.46 hrs

DISCUSSION UNDER RULE 193

Internal Security in the country

Title: Discussion regarding matters relating to internal security in the country. (Not concluded).

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up discussion under rule 193 regarding matters relating to internal security in the country.

Shri Ramji Lal Suman.

श्री रामजीलाल सुमन ( ) : उपाध्यक्ष महोदय, नियम 193 के अधीन देश की आंतरिक सुरक्षा के सम्बन्ध में यह सदन आज चर्चा कर रहा है। देश के सामने गम्भीर संकट है। विशेा रूप से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद, उत्तर-पूर्व के राज्यों में उग्रवादी संगठनों की हरकतें और हिन्दुस्तान में तेजी से बढ़ता हुआ नक्सलवाद, देश की ये तीन प्रमुख बड़ी समस्याएं हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, आज जो कश्मीर की समस्या है, सदन में उस पर एक बार नहीं, अनेक बार चर्चा हो चुकी है। मेरे पास इस बात के आंकड़े उपलब्ध हैं कि किस वर्ा वहां कितने आतंकवादी मारे गए, कितने जवान शहीद हुए और कितने नागरिक मारे गए। लेकिन मैं उसमें नहीं जाना चाहता। यह बात सही है कि अब भी हमारे देश में तेजी से घुसपैठ जारी है। हमने अभी-अभी अपनी सरहदों से फौजें हटाई हैं। सरकार के पास निश्चित जानकारी होगी, सम्भवतः ऐसे हालात बने होंगे, जिससे फौजों की वापसी जरूरी हुई होगी। लेकिन महमूद बट्ट साहब की पुत्रवधू ने हाल ही में कहा है कि पाकिस्तान द्वारा अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों का प्रशिक्षण अब भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जनरल विज का बयान कुछ दिन पहले समाचार पत्रों में छपा है कि घुसपैठ बढ़ती जा रही है। उस परिस्थिति में जब आपने सरहदों से फौजें हटाई हैं, इसकी जरूर समीक्षा होनी चाहिए।

यह अजीबो-गरीब स्थिति है कि हमारी पाकिस्तान के साथ बराबर बातचीत भी होती रही है, हमारी कोशिश होती रही है कि तनाव कम हो, लेकिन मैं उस कारण को नहीं जानता जो मनोवैज्ञानिक दबाव और प्रभाव घुसपैठियों पर इस सरकार का बनना चाहिए, वह बनाने में हम अभी तक असफल रहे हैं। सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे अन्य साथी भी अपनी-अपनी बातों का यहां जिक्र करेंगे। पूर्वोत्तर राज्यों खासतौर पर असम की भी समस्या है। हाल ही में उत्तर-पूर्वी राज्यों में जो स्थिति खराब हुई उनमें मणिपुर भी था। मणिपुर हमारी सीमावर्ती राज्य है। उसकी सीमाएं म्यांमार से मिलती हैं। पहले वह एक रियासत थी, जिसका 1949 में भारतीय संघ में विलय हुआ था। उस राज्य में 18 से लेकर 30 उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं। यह बात सही है कि मणिपुर हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और हमें उस पर नाज़ है। वहां हालात और स्थिति कैसे बिगड़ी यह विचारणीय बात है लेकिन वहां बहुसंख्यक लोग अमन पसंद हैं। वहां की 70 प्रतिशत जनसंख्या मैथी लोगों की है जो स्वभाव से शांत है और शेा 30 प्रतिशत नागा और कूकी लोग हैं।

सभापति महोदय, वहां पर जुलाई-अगस्त में तनाव हुआ था। उसका कारण हमारे सुरक्षा बलों का वहां की एक मनोरमा नाम की महिला के साथ किया गया व्यवहार था। कहा यह गया कि उसके साथ बलात्कार हुआ और बाद में उसकी हत्या की गयी। वहां 1958 का एक एक्ट है जिसमें सन् 1972 में संशोधन हुआ था। यह बात सही है कि कभी-कभी हालात पर काबू पाने के लिए शक्ति का प्रयोग करना पड़ता है लेकिन यह भी सही है कि जब सुरक्षा बलों को ज्यादा शक्ति दे दी जाती है तो उसका गलत इस्तेमाल भी होता है। सुरक्षा बलों को शक्ति देने के साथ यह भी देखने की आवश्यकता है कि वे उसका दुरुपयोग न करें। मणिपुर में हालात खराब होने के कारणों में लोगों की बेबसी, लाचारी, बेरोजगारी और गरीबी भी है, जिसे नजर-अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। वहां पर शिक्षित लड़के-लड़कियां बेरोजगार हैं। जब हम पूरे देश की समस्याओं पर चर्चा करते हैं तो यह पाते हैं कि बेबसी, लाचारी, गरीबी और भुखमरी ने भी ऐसे हालात पैदा कर दिये हैं कि आदमी हिंसक रास्ते को अख्तियार करने को मजबूर हो रहा है। मैं समझता हूं कि जब यह सरकार इस पर विचार करेगी तो निश्चित रूप से उन सब चीजों के बारे में भी विचार करेगी कि मणिपुर में इस तरह के हालात कैसे पैदा हुए? वहां जो कंगला किला था उसको आम लोगों के लिए खोलने की मांग होती रही थी, उस पर फौज का कब्जा था। वह किला आम जनता के लिए खुलवाया गया, जिससे आम लोगों में अच्छा संदेश गया। वहां के लोगों की शिकायत है कि सरकार जिस पैकेज की बात बजट और योजनाओं में करती है वह केवल बजट और योजनाओं में ही होकर रह जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि उनके परम्परागत उद्योग जो खेती पर हैं, उन पर बाहर के लोगों ने कब्जा कर लिया है। वहां के लोगों को उनसे निजात दिलाने की आवश्यकता है। मैं चाहूंगा कि सरकार उस पर गंभीरता से विचार करेगी।

आज देश के सामने दूसरी जो समस्या है वह नक्सलवाद की समस्या है जो रात-दिन बढ़ रही है। बिहार और झारखंड के 150 रेलवे स्टेशन ऐसे हैं जो नक्सलवाद की चपेट में हैं। अभी तक नक्सलवाद से केवल 11 राज्य प्रभावित थे इनका दायरा आंध्र प्रदेश, बिहार झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और महाराट्र तक था। लेकिन अब नक्सलवाद से प्रावित राज्यों का दायरा बढ़ रहा है। सरकार स्वयं स्वीकार करती है कि उत्तरांचल, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक भी अब उग्र वाद से प्रभावित हैं। एक घटना कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में हुई है, जिससे साफ है कि नक्सलवाद बढ़ रहा है।

विश्व के फूड एंड एग्रीकल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक अगले 5 वर्ाों में भूख से मरने वालों की संख्या 18 मिलियन होगी।

भारत में यह संख्या 200-222 लाख तक हो जायेगी। हमारे देश में 525 से ज्यादा जिले हैं जिनमें से 220 जिलों में हिंसा की वारदातें हुई हैं। पिछले दो दशकों में नक्सलवादियों की हिंसा से 64 हजार लोग मारे गये हैं। जहां अक्तूबर, 2003 में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 55 थी, वह वर्ा 2004 में बढ़कर 154-156 हो गई है। जब भी सदन में नक्सलवाद पर चर्चा होती है, तो मैंने उनके सारे सवाल और जवाब देखे हैं। भारत सरकार यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेती है कि यह राज्य सरकारों का विाय है और केन्द्र ने उन्हें दिशा-निर्देश दे दिये हैं। कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों पर है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि नक्सलवाद राज्य सरकार का विाय नहीं है। हमें यह सोचना पड़ेगा कि आखिर लोग बन्दूक से रिश्ता क्यों जोड़ लेते हैं? तमाम डिग्रियां हासिल कर लेने के बाद लोगों को रोजगार नही मिलता तो वह हिंसा की तरफ मुखातिब हो जाता है। बेकारी, बेबसी, लाचारी, क्षेत्रीय असंतुलन, िवकास का मार्ग अवरुद्ध होना -ये सब चीजें ऐसी हैं कि जब आदमी को इन्साफ नहीं मिलता तो वह हिंसा के रास्ते पर चलने के लिये बाध्य हो जाता है। दुखद पहलू और चिन्ता का विाय यह है कि लोगों का विश्वास इस व्यवस्था से हट रहा है। लोगों को ऐसा लगता है कि गरीब को इन्साफ नहीं मिल रहा है, इन्साफ बिक जाता है।

आम आदमी को उसका हक नहीं मिलता है। यही वे कारण हैं कि एक शान्तिप्रिय जिन्दगी जीने वाले आदमी को बन्दूक उठानी पड़ रही है। यह ठीक है कि कानून-व्य वस्था बनाये रखना राज्य सरकार का कर्तव्य है लेकिन हमें इस बात के मूल में जाना होगा कि यह समस्या पैदा कैसे हुई। इसका निराकरण हम लोगों को ही करना पड़ेगा।। इसलिये इस ओर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह राज्य का विाय नहीं बल्कि देश का विाय है। यह देश न टूटे, असतुलन पैदा न हो, हमारा जो घर है, वह घर न टूटे, जाति, भाा, धर्म और क्षेत्रीय असंतुलन के नाम पर तनाव न हो, यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिये नक्सलवाद को राज्य का विाय कहकर इस मूल समस्या को टाला नहीं जा सकता, सरकार को अपना कर्तव्य पूरा करना पड़ेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, इस देश में जब भी तनाव होता है, उससे निपटने के लिये बराबर पुलिस के आधुनिकीकरण की बात की जाती रही है। आज की पुलिस का ढांचा अंग्रेजों के जमाने का है। आज भी वहा सोच और वहीं मनोवृत्ति है। अंग्रेजों ने पुलिस बल की स्थापना हम लोगों पर राज करने के लिये बनाई थी। मैं समझता हूं कि आज पुलिस ढांचे में बदलाव करने की जरूरत है। दिनांक 5 अक्तूबर, 2001 को राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों का एक सम्मेलन हुआ था। इसी प्र ाकार का एक सम्मलेन मुख्यमंत्रियों का 17 नवम्बर, 2001 को हुआ था। इस सम्मलेन में गोआ और मेघालय के मुख्यमंत्रियों को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। उसके बाद भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि राज्यों से सम्पर्क करके पुलिस के आधुनिकीकरण के लिये एक हजार करोड़ रुपया दिया जायेगा। वह एक हजार करोड़ रुपया केन्द्र सरकार के पास है। अब यह सुनिश्चित किया गया है कि पुलिस के आधुनिकीकरण के लिये 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकारें देंगी और 50 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र देगा।

15.00 hrs.

उपाध्यक्ष महोदय, जो एक हजार करोड़ रुपये थे, उन एक हजार करोड़ रुपये में से वर्ा 2000-2001 के बीच 71.81 परसेन्ट पैसा खर्च हुआ और वर्ा 2001-2002 में सिर्फ 43.87 परसैन्ट पैसा खर्च हुआ। यह कहा गया कि राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब है, राज्य यह खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं हैं और कुल मिलाकर पुलिस के आधुनिकीकरण के नाम पर, जैसे पुलिस के पास बेहतर हथियार हों, संचार उपकरण ठीक हों, अच्छे वाहन हों, कंप्यूटर आदि हों, राज्य सरकारों की माली हालत ठीक न होने के कारण भारत सरकार ने इस काम के लिए जो पैसा मंजूर किया था कि राज्यों के साथ मिलकर हम पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए एक कार्य योजना बनायेंगे, वह काम भी खटाई में पड़ गया। मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए हमारे देश में राट्रीय पुलिस आयोग, धर्मवीर जी कमीशन्, रुस्तम जी कमीशन और पद्नाभन कमेटी आदि की संस्तुतियां हमारे पास हैं। ये जो विभिन्न कमीशनों और कमेटियों की संस्तुतियां पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए आई हैं, मेरा अनुरोध है कि जब हम पुलिस के आधुनिकीकरण की कल्पना करें या आधुनिकीकरण करने का काम करें तो इन कमेटियों की सिफारिशों को भी हमें जरूर देखना चाहिए। क्योंकि भारत की पुलिस विकासशील देशों की तुलना में कहीं भी नहीं टिकती हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि विभिन्न अवसरों पर जो कमेटियां और आयोग बने हैं, उन पर भी हम लोगों को जरूर ध्यान देना चाहिए और उनकी संस्तुतियों को देखना चाहिए।

गृह मंत्री जी, गत माह देश के विभिन्न स्थानों पर जीवित सैल, बम पाये गये। यह आयात होकर हमारे देश में आये थे। हमारी सुरक्षा का काम, हमारी गुप्तचर एजेंसियों का काम कितना मजबूत है, उसका आकलन इससे किया जा सकता है। ये सुरक्षा व्यवस्था की खामियां हैं और मैं समझता हूं कि हमें इस पर ध्यान देने की आ वश्यकता है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि अभी श्री के.पी.एस. गिल का एक बयान छपा था कि आतंकवाद को समाप्त करने के लिए हमें एक बड़ी नीति अपनानी होगी जिसमें, आर्थिक नीति, प्रशासनिक सुधार, सुरक्षा व्यवस्था, विदेश नीति, आम आदमी की सुरक्षा एवं सहूलियत तथा आर्थिक विकास - इन सब चीजों को मिला करके हमें एक बड़ी नीति बनानी पड़ेगी। मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश में जो अलगाववादी शक्तियां, बढ़ती हुई हिंसा तथा जो अलगाववादी आंदोलन हैं, इनके मूल में बेबसी, लाचारी, गरीबी और बेरोजगारी है। दमन से या सरकारी सख्ती से इसके आंकड़े कुछ हद तक नीचे चले जाएं या ऊपर चले जाएँ, यह एक अलग सवाल है, लेकिन जब तक व्यवस्थित विकास नहीं होगा और हिंदुस्तान में जो उपेक्षित क्षेत्र रहे हैं, हम उन पर ध्यान नहीं देंगे, इस समस्या से निजात नहीं मिल सकेगी। मैं बड़ी विनम्रता से आग्रह करना चाहता हूं कि जो नक्सलवादी लोग हैं, वे कोई अमीर परिवारों से नहीं हैं, उनका संबंध किसी धनाढ्य परिवार से नहीं है। वे आदिवासी और गरीब इलाके के नौजवान हैं। जो कहीं रोजी-रोटी से मारे गये, कहीं भूख से मारे गये, कहीं प्यास से मारे गये। जब उन्हें लगता है कि हमारे लिए देश में कानून के दरवाजे बंद हैं, देश का संविधान हमारे साथ न्याय नहीं कर रहा है, यह व्यवस्था हमें न्याय नहीं दे रही है। तब वे अलगाववाद का रास्ता अपनाते हैं। इसी वजह से आज देश की हालत खराब है। मेरा गृह मंत्री जी से विनम्र आग्रह है कि इन समस्याओं का कोई सतही इलाज नहीं है। यदि आपको समस्याओं का इलाज करना है तो आपको इनके मूल में जाना होगा।

हमें उन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना होगा, हमें शिक्षित नौजवानों को रोज़ी-रोटी उपलब्ध करानी होगी, हमें उपेक्षित इलाकों का विकास करना पड़ेगा, तभी जाकर इन समस्याओं से निजात मिल सकती है। यह देश बहुत बड़ा है और इस देश में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं। कौन सा विाय राज्य का है और कौन सा विाय केन्द्र का है, इस संघीय ढांचे में जो बहस होती है, मैं उसमें नहीं जाना चाहता, लेकिन हिन्दुस्तान एक घर है और इसको मज़बूत रखने की, इस घर में बँटवारा न हो, यह ज़िम्मेदारी भारत सरकार की है और उसी भावना से भारत सरकार को काम करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि आज की इस बहस के बाद निश्चित रूप से भारत सरकार कुछ सार्थक कदम उठाएगी जिसकी वजह से इस देश में आतंकवाद और खास तौर से इस देश की नक्सलवाद की जो समस्या है, उस पर हम लोग काबू पा सकेंगे।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, आज 13 दिसम्बर को हम अपनी आंतरिक सुरक्षा के विाय में इस सदन में बहस कर रहे हैं। 13 दिसम्बर को हमारी संसद पर हमला हुआ ता और
जो जवान इसकी रक्षा करते हुए मारे गए थे, उनको आज हमने श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

उपाध्यक्ष जी, भारतवर्ा सबसे ज्यादा आतंकवाद से ग्रसित है और जो खतरे आज आंतरिक सुरक्षा को इस देश में हैं, शायद इससे पहले इतने अधिक खतरे कभी नहीं थे। अभी बहुत सी बातों का उल्लेख हुआ।

15.07 hrs. (Mr. Speaker in the Chair)

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद चल रहा है, नॉर्थ-ईस्ट में ज्वालामुखी भड़क रहा है, नक्सलवादी हिंसा सारे देश को ग्रसित कर रही है और उत्तर पूर्व के सातों राज्य जो विश व के सुन्दरतम प्रदेश हैं, वे सारे भी आतंकवादी हिंसा से ग्रसित हैं। वहां आई.एस.आई. के अड्डे चल रहे हैं और बहुत सी जगहों पर जेहादी मानसिकता को तैयार करने वाले मदरसों की बाढ़ सी आ रही है। ये सारे खतरे हैं और मेरा कहना यह नहीं है कि यूपीए सरकार जो केवल सात महीने पहले आई है, यह इन सारे खतरों को समाप्त कर देगी। न मुझे यह कहना है कि इन सात महीनों में ही ये खतरे पैदा हुए हैं, इससे पहले नहीं थे - यह भी मेरा तर्क नहीं है। परंतु यह मैं जरूर कहना चाहता हूँ कि जिस रास्ते पर यूपीए सरकार चल रही है, जिस रास्ते पर यह सरकार आगे बढ़ रही है, जो कदम ये उठा रही है, जिस प्रकार से अपने वोट बैंक की राजनीति को लेकर किसी प्रकार से जेहादी मानसिकता के लोगों को खुश करके और मुस्लिम वोटों को लेने की अंधी दौड़ में शामिल हो रही है और जो कदम उसके लिए उठाए जा रहे हैं, वे बहुत ही गलत हैं। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please sit down. You will have ample opportunity to reply. Please let us have a structured discussion. You will have to have patience to listen to others views. You could controvert them with all the force when you get a chance.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, आज आतंकवाद के आगे घुटने टेके जा रहे हैं और आतंकवाद को समाप्त करने के बजाय, आंतरिक सुरक्षा के खतरों को नट करने के बजाय जो कदम उठाये जा रहे हैं, वे कदम उनको बढ़ावा देने वाले हैं। मैं यही कह रहा था कि इनका रास्ता गलत है, इनकी सोच गलत है। ये आपको खूबसूरत नजर आ रही हैं, पर ये राहें तबाही के घर जा रही हैं।

अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं जिस समस्या का उल्लेख करना चाहता हूँ और यहां कई बार जिसको कहा गया, वह बंग्लादेश से घुसपैठ की है। बंग्लादेश से घुसपैठ के बारे में कई बयान आए। शिवराज पाटील जी का भी बयान आया। वे हमारे बहुत ही योग्य गृह मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या घुसपैठ की उतनी नहीं है जितनी रोज़गार की समस्या है। अध्यक्ष महोदय, असम के उस समय के गवर्नर और इस समय जम्मू कश्मीर के गवर्नर लैफ्टिनैन्ट जनरल रिटायर्ड एस.के.सिन्हा ने कुछ र्वा पूर्व एक पत्र राट्रपति जी को लिखा। वह इस सरकार के भी बहुत विश्वासपात्र हैं क्योंकि आज उनको जम्मू कश्मीर में गवर्नर बनाया हुआ है। वह पत्र बहुत लंबा है और मैं सब बातों का ज़िक्र नहीं करना चाहता, केवल दो-तीन बातें उस पत्र में से पढ़कर सुनाना चाहता हूँ।

गृह मंत्री (श्री शिवराज वि. पाटील) : आप बहुत अच्छे ढंग से बोल रहे हैं, मगर गवर्नर राट्रपति जी को जो खत लिखते हैं, एक मंत्री दूसरे मंत्री को लिखते हैं या एक मंत्री की दूसरे मंत्री के साथ, चीफ मिनिस्टर या गवर्नर के साथ बात होती है, ये सारे प्रीविलेज के अंडर आते हैं और इसे हम सदन में पेश नहीं करते हैं।â€¦ (व्यवधान)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, it is now in the website. It is a thing which is in the website. जिस वेबसाइट में पूरा का पूरा ब्यौरा आया है, जहां से लिया है, वह पब्लिक डाकूमेंट है। उन्होंने कुछ छिपा कर नहीं लिखा। It is an open letter. It is written there like this:

> "The unabated influx of illegal migrants from Bangladesh to Assam and the consequent perceptible change in the demographic pattern of the State has been a matter of grave concern."

MR. SPEAKER: On your statement that it is on the Internet, I am allowing you.

...(*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Even if it is there on the website, it is a breach of privilege.....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Malhotra, you can refer to the substance instead of reading verbatim. You are able to do that. You can make paraphrasing instead of reading it word by word.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि बहुत से राजनीतिक दल इस बात को कम करके देखते हैं कि ये सारे परिवर्तन करके किस प्रकार से असम, बंगाल और उसके आस-पास बिहार आदि जिलों में पूरी की पूरी जनसंख्या का परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने इसके अंदर पूरा उल्लेख किया है। उन्होंने इन बातों का भी उल्लेख किया था कि इसके क्या-क्या खतरे हैं और क्या परिस्थिति पैदा हो रही है।

अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान टाइम्स में चार आर्टीकल राजेश्वर राव जी ने लिखे हैं। आपने उन्हें अभी यू.पी. का गवर्नर बनाया। उन्होंने चार आर्टीकल लिखे हैं और इन चारों आर्टिकल्स के अंदर उन्होंने इसका उल्लेख किया है और यह जो इस सब-कांटीनेंट में पाकिस्तान, बंगलादेश के बाद तीसरी इस्लामिक कंट्री बनाने की साजिश है, उसका पूरा उल्लेख इन्होंने अपने चार आर्टिकल्स में किया है, जो मेरे पास हैं। राजेश्वर राव जी ने आपको जो खतरा बताया।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, 1991-2001 के बीच में जनसंख्या के जो आंकड़े मेरे पास है, वे मैं आपको बताता हूं। धुबरी में मुस्लिम पापुलेशन 29.5 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 7.1 प्रतिशत है, गोलपाड़ा में 31.7 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 14.4 प्रतिशत, हैलाकांडी में मुस्लिम पापुलेशन 27.2 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 13,3 प्रतिशत, करीमगंज में 29.4 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 14.5 प्रतिशत, कछार में मुस्लिम 24.6 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 16.0 प्रतिशत है। ये बंगलादेश से आए हुए नहीं हैं, तो कौन लोग हैं। इन सारे जिलों में जो असम के जिले हैं, बार्डरिंग बंगलादेश, इनमें किस तरीके से पापुलेशन बढ़ रही है, किस तरह बंगलादेशी घूसपैठियों की पापुलेशन पढ़ रही है, वे इसे सिद्ध करता है।

अध्यक्ष महोदय, इसके बाद चार एरियाज़ असम के हैं - बारपेटा, नौगांव, मेरीगांव और दारंग, ये सब आंकड़े भी मैं सदन में प्रस्तुत कर देता हूं, सारे पढ़ने की मैं जरूरत नहीं समझता। Muslims as a percentage of the total population in the districts of Assam. इसके अंदर कितनी-कितनी वृद्धि हुई है, यह मैं आपको बताता हूं। धुबरी में 70.4 से बढ़ कर 74.3 प्रतिशत, गोलपाड़ा में 50.2 से बढ़ कर 53.6 प्रतिशत, हैलाकांडी में 54.8 से बढ़ कर 57.6 प्रतिशत, यानी सब में चार-चार प्रतिशत वृद्धि हुई है। ये सारी असम के डिस्ट्रिक्ट की टोटल पापुलेशन की स्थिति है। इसी तरह 1991-2000 के बीच में वेस्ट बंगाल के जो जिले हैं, जिनके बारे में श्री प्रणव दा ने भी चिन्ता प्रकट की थी और बुद्धदेव भट्टाचार्य जी ने भी चिन्ता प्रकट की थी, बंगलादेश से जो जिले लग रहे हैं, उनके अंदर जो खतरे की परिस्थिति पैदा हो रही है, इनमें जहां साऊथ 24 परगनास में मुस्लिम पापुलेशन 34.2 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 11.5 प्रतिशत, नार्थ 24 परगनास में 23.0 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 22.6 प्रतिश, नादिया में 21.9 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 18.8 प्रतिशत, मुर्शीदाबाद में 28.4 प्रतिशत, नॉन मुस्लिम 16.4 प्रतिशत, यानी सब में 12-12 का फर्क है।

अध्यक्ष महोदय, मैं ये आंक़ड़े इसलिए आपके सामने रख रहा हूं, क्योंकि अभी एक सवाल के जवाब में, हमारे यहां से जब प्रश्न पूछा गया तो उसमें श्री जायसवाल जी ने उसका उत्तर दिया। उसका उत्तर देते हुए पूरे आंकड़े ये बताए कि वहां कितने बंगलादेशी भारत में घुसपैठ करके आए हैं। उन आंकड़ों में उन्होंने बताया कि 1,20,53,950 बंगलादेशी घुसपैठ करके भारत में आए हैं।

परन्तु वहां तरुण गोगोई साहब ने एकदम से यह बयान दिया और यह कहा कि ये सारे आंकड़े गलत पेश किये जा रहे हैं, यहां तो बंगलादेशी घुसपैठ करने वाले नहीं हैं और उसके अगले दिन ही, मुझे आश्चर्य हुआ, जायसवाल जी ने, जिन्होंने यहां बयान दिया था, एक और बयान दे दिया और यह कहा कि ये जो मैंने आंकड़े दिये थे, ये सुनी-सुनाई बातों पर निर्भर करते हैं। ये आंकड़े ऐसे आंकड़े नहीं हैं, जो सिद्ध हो सकें। क्या पार्लियामेंट को इस तरीके से लिया जाता है, पार्लियामेंट में आप क्वश्चन के रिप्लाई सुनी-सुनाई बातों पर करते हैं और जो खतरे हैं, उनको मिनिमाइज करने के लिए, क्योंकि उनको लगता है कि उनकी सरकार गिर जायेगी, वहां पर उनका

वोट बैंक बंगलादेशी घुसपैठियों का है ही और उसके आधार पर उनको अपने साथ रखने के लिए उन्होंने यह कह दिया कि यहां ऐसी कोई स्थिति नहीं है, कोई बंगलादेशी इन्फिल्ट्रेशन नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट का जजमेण्ट, डायरैक्शन, अभी तो परसों एक आया है, उन्होंने गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया को भी नोटिस दिया है। उस नोटिस के साथ उससे पहले वाला जो सुप्रीम कोर्ट का डायरैक्शन, जो स्टेट्समैन अखबार में आया था:

> "The Supreme Court asked the Centre and four States, West Bengal, Assam, Tripura and Meghalaya to explain within four weeks the steps taken to stem the flow of Bangladeshi migrants into the country. They have also been asked to file a status report on the fencing of Bangladesh border. The Court passed the order after the Centre admitted that the population of Bangladeshi migrants has risen from one crore to nearly two crores in the last few years. "

हाई कोर्ट का यह आर्डर है और उसमें उन्होंने कहा है:

> "On September 24, the High Court has directed the Delhi Police and other authorities to take steps as per the action plan and submit a monthly progress report in the Court. It has also told the authorities to identify such illegal migrants totalling around 13 lakhs who had earlier been allotted alternative residential plots under welfare
>
> schemes for slum dwellers. The Court also issued notice to the Government on an application seeking a probe on reports of illegal Bangladeshi and Pakistani migrants joining the army. "

यह हाई कोर्ट का फैसला है, ये सुप्रीम कोर्ट का फैसला है, ये मेरे आंकड़े नहीं हैं। मैं यह कह रहा था कि बजाय यह कहने के कि हां यह चीज है, हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि 200 व्यक्तियों को प्रतिदिन बंगलादेशियों को दिल्ली से बाहर निकाला जाये। वे 13 लाख हैं, आखिर यह सवाल एक बहुत बड़ी साजिश का तरीका है। यहां पर बंगलादेश के सारे आसपास के जिले जिस दिन मेजोरिटी के हो जायेंगे, उस दिन फिर से यह मांग एक अलग बंगलादेश बनाने की उठेगी और उसके अन्दर इन सब को ले जाने की बात होगी। बहुत-बड़ा आन्तरिक सुरक्षा का खतरा है, परन्तु उसकी जिस तरह से अनदेखी की जा रही है, जिस तरह से कहा जा रहा है कि नही-नहीं, यह तो रोजगार के लिए चले आ रहे हैं या यह कहा जा रहा है कि यहां पर आकर कोई ज्यादा घुसपैठ नहीं है, तरुण गोगोई साहब कहें या दूसरे, लेकिन मैं समझता हूं कि यह बहुत ही खतरनाक वृत्ति है और इसलिए मैंने कहा था कि जिस रास्ते पर आप चल रहे हैं, बजाय इसके कि सुप्रीम और हाई कोर्ट के फैसले को मानें, आप उसको मिनिमाइज करके, कम दिखाकर या कोई खतरा नहीं है, इस बात को सिद्ध करने की इसमें कोशिश कर रहे हैं।

जैसे कहते थे कि अरबों रुपये हमने खर्च कर दिये कि इस देश में जनसंख्या किसी तरह से कम हो जाये, परन्तु बंगलादेश से लोग आते चले जायें। अपने यहां आप 10 साल में एक, दो, 10, 15, 20, 25 या 30 लाख लोग कम करें और 10 साल में वहां से दो करोड़ और आ जायें। हम दो, हमारे दो, पर बंगलादेश से आने दो। वहां से लोग आते जायें, हम दो और हमारे दो का नारा हम लगाते रहें, परन्तु ये बंगलादेश से आयें। यह उनके यहां का सवाल हो सकता है, पर हमारे अपने लोग भी तो हैं, उनको भी तो 30-35 परसेंट गरीबी की रेखा के नीचे लोग रहते हैं, उनके रोजगार का क्या हो। ये लोग जो आते हैं, इनमें बहुत सी चीजों में लोग शामिल हैं, स्पाइनेज में शामिल हैं, आई.एस.आई. की एक्टिविटीज में शामिल हैं, यह भी एक बहुत बड़ा खतरा है। मैं समझता हूं कि इस खतरे की ओर जिस तरह से ध्यान दिया जाना चाहिए, वैसा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दूसरी बात मुझे जम्मू और कश्मीर के बारे में कहनी है। मैं ज्यादा आंकड़े आपके सामने नहीं देना चाहता, आंकड़े इसलिए नहीं देना चाहता कि प्रणव मुकर्जी साहब ने और पाटिल साहब ने, दोनों ने अलग-अलग तरह के कुछ आंकड़े दिये। उस दिन शिवराज पाटिल साहब ने बड़ी रोजी पिक्चर पेश की थी। परन्तु अगले ही दिन मुकर्जी साहब ने इस बात को मान लिया कि घुसपैठ बढ़ रही है और इन दिनों में, नवम्बर के महीनों में घुसपैठ बहुत बढ़ी है।

उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान में 67 अड्डे चल रहे हैं, पाकिस्तान ने उन्हें खत्म नहीं किया। इस बात को भी उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान की तरफ से उनको सहायता जारी है। मैं सारी चीजों को पढ़कर सुनाऊं कि क्या-क्या हुआ, कितने लोग मारे गए, पुलिस के कितने लोग मारे गए, सेना के कितने लोग मारे गए, ये अखबारों के आंकड़े हैं, इन्हें बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन पिछले दिनों जो वक्तव्य आए, वे आपत्तिजनक हैं। मैं उनका उल्लेख आपके सामने करना चाहता हूं। पहला बयान प्रधान मंत्री जी की तरफ से आया जिसे उन्होंने बाद में थोड़ा मॉडीफाई किया। यह कहा गया कि all options are open. जिस दिन यह बयान दिया गया, वह काफी खतरनाक बयान था। All options are open में सब कुछ आता है। जम्मू कश्मीर भी आता है, उसका जाना भी आता है। उनके मुंह से यह बयान कैसे निकल गया, मुझे समझ में नहीं आया। इसका मतलब आजादी भी है, इसका मतलब सब कुछ है। लेकिन जैसे ही उन्हें लगा कि क्या बात हो गई तो उन्होंने उसे थोड़ा मॉडीफाई किया कि वह इंटरनैशनल सीमाओं को बदलने की बात नहीं कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी को ऐसा कोई अधिकार नहीं है। कौन्सटीट्यूशन में किसी को भी एक इंच भूमि देने का अधिकार नहीं है। परन्तु पहले दिन यह बयान दिया गया। फिर और बयान आया कि श्री मुशर्रफ ने जो बयान दिया, जिसमें कहा गया था कि इसके सात अलग-अलग रीजन कर दिए जाएं और सात रीजन बनाकर, हर रीजन के बारे में अलग-अलग बातचीत की जाए। हमारी सरकार की तरफ से बयान आया कि उन्होंने यह रोज़ा इफ्तार की पार्टी में कहा था, लेकिन अगर वे सीरियसली कहें तो हम कंसीडर करने को तैयार हैं - क्या कंसीडर करने को तैयार है? क्या जम्मू कश्मीर के सात अलग-अलग हिस्से बनेंगे? कोई मुस्लिम मेजॉरिटी है, कोई हिन्दू मेजॉरिटी है। जम्मू में हिन्दू मेजॉरिटी है, लद्दाख में बौद्ध मेज़ॉरिटी है, वैली में मुस्लिम मेजॉरिटी है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Prof. Malhotra, will you yield for a minute?

जो बताया जा रहा है, वह थोड़ा तथ्यो से परे है। श्री प्रणब मुखर्जी ने राज्य सभा में जो बयान दिया, वह था कि सितम्बर और अक्टूबर दो महीनों में क्या अंतर था। सितम्बर में जो इनफिल्ट्रेशन हुआ, उससे ज्यादा अक्टूबर में हुआ था। आप कह रहे हैं कि होम मिनिस्ट्री और डिफैंस मिनिस्ट्री के बयान में अंतर है। यह दुरुस्त बात नहीं है। प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हम किसी भी विाय पर बात कर सकते हैं। आप कहते हैं कि हम किसी प्रकार का डिसीजन ले रहे हैं। यह भी गलत है।â€¦ (व्यवधान)तीसरी बात,

आप कह रहे हैं कि हम श्री मुशर्रफ के बयान को कंसीडर करेंगे। सारी चीजें कही जाती हैं। आप बोल सकते हैं कि श्री मुशर्रफ ने जो कुछ कहा था, उस पर हमें कमैंट करने के लिए कहा गया। हम कहेंगे कि ऐसे कैसे कमैंट करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Minister, you can give answer when you reply to the debate. Prof. Malhotra, subject to that, you speak.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उनके बयान, श्री मुखर्जी और प्रधान मंत्री जी के बयान, मणिपुर में कहां अलग-अलग है, जम्मू कश्मीर में कहां-कहां अलग है, we will place all the facts before you किसात हिस्से नहीं हो सकते। जम्मू कश्मीर में मुस्लिम मेजॉरिटी वैली है। इसलिए उसके बारे में अलग विचार नहीं हो सकता। जम्मू कश्मीर के संबंध में पार्लियामैंट के दोनों सदनों का यूनैनीमस रैजोल्यूशन है। Why did you not reject it outright? हम में से हरेक उससे बंधा हुआ है। Each one of us is bound by that. पार्लियामैंट के रैजोल्यूशन से बाहर नहीं जा सकता, भारत के संविधान से बाहर नहीं जा सकता, जम्मू कश्मीर कौन्सटीट्यूशन से बाहर नहीं जा सकता। किसने किसे इस बात की अनुमति दी है कि आप पूरा कीजिए और हमें फार्मली भेज दें तो हम विचार करेंगे। यह कैसे हो सकता है कि जम्मू के बारे में अलग विचार होगा, वैली के बारे में अलग विचार होगा। मैंने तीन बातों का उल्लेख किया है।

मैं एक बात का उल्लेख और करना चाहता हूं। आपने कहा, शिवराज जी बहुत योग्यता से खड़े होकर कहेंगे कि इसका यह अर्थ नहीं है। जम्मू-कश्मीर की आटोनामी में Sky is the limit. यह वक्तव्य भारत सरकार के एक मंत्री का ऑन रिकार्ड है।â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वि. पाटील : यह किस मंत्री का वक्तव्य है ? â€¦ (व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : यह विदेश मंत्री श्री नटवर सिंह का वक्तव्य है।â€¦ (व्यवधान)

On this very point, I am prepared यहां पर अगर मैं पेश कर दूं कि यह उनका वक्तव्य है तो क्या आप सदन से माफी मांगेंगे ? â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वि. पाटील : मैं माफी तो मांग लूंगा, वह अलग बात है लेकिन आपके ऊपर प्रिविलेज हो जायेगा।â€¦ (व्यवधान)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Otherwise, I will come and apologise. He said that sky is the limit as far as autonomy is concerned.जम्मू आटोनॉमी नहीं मांग रहा। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: He has said that he would speak very aggressively in the House. You accept that.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जम्मू आटोनॉमी नहीं मांग रहा, लद्दाख आटोनॉमी नहीं मांग रहा सिर्फ कश्मीर वेली आटोनॉमी मांग रही है। कश्मीर वेली की आटोनॉमी में, स्काई इज दी लिमिट से क्या मतलब है ? जब आप कहते हैं कि स्काई इज दी लिमिट, मुस्लिम मैजोरिटी है इसलिए स्काई इज दी लिमिट। अगर हिन्दुस्तान में 13 करोड़ मुसलमान ठीक प्रकार से रह सकते हैं तो कश्मीर वेली के 40 लाख मुसलमान भारत में क्यों नहीं रह सकते ? उनके लिए आटोनॉमी क्यों अलग चाहिए ? क्यों उनके लिए आप कहते हैं कि स्काई इज दी लिमिट। सिर्फ इसलिए कि दो राट्रों के सिद्धांत की बात है। हिन्दु और मुसलमान की अलग-अलग कौमियत है और उनके अलग-अलग हित हैं। इस सिद्धांत के लिए आप उसके सामने सरेंडर करना चाहते हैं। आप कहते हैं कि कश्मीर वेली को और आटोनॉमी चाहिए तो हम देंगे। कश्मीर वेली में क्या खास बात है जो आप पंजाब को नहीं देंगे, दिल्ली को नहीं देंगे, महाराट्र को नहीं देंगे। वह इसलिए कि वहां पर मुसलिम मैजोरिटी है। वहां मुस्लिम मैजोरिटी है इसलिए आप कहेंगे कि मुस्लिम मैजोरिटी कहीं पर होगी तो हम उनके लिए अलग से विचार करेंगे, यह थीकिंग और विचार बिल्कुल गलत है। यह विचार देश के लिए घातक है, यही बात मैं कहना चाहता हूं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठिये, आपको वे जवाब देंगे।

...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : चौथी बात जिसे मैं बहुत आपत्तिजनक समझता हूं, वह भी श्री शिवराज पाटिल जी का ही बयान है। श्री शिवराज पाटिल जी ने एक सवाल के जवाब में कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो आतंकवादी हैं, उनको हम भाई मानकर चलें। अगर आप कहें तो मैं इसे भी पढ़ दूं, नहीं तो आप कहेंगे कि यह किसने कहा है। â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वी. पाटिल : हां,मैंने इसे कहा है। â€¦ (व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैं आपके सामने तीन-चार चीजें पढ़ना चाहता हूं।â€¦ (व्यवधान) "Five of a family massacred in Rajouri." A retired soldier and four of his family members, including a three-year-old child and two women were shot dead by terrorists of Lashkar-e-Toiba outfit in Rajouri district today. शहनाज रोती रही और जेहादी अपनी हवस पूरी करते रहे। डर से कांपती शहनाज का जिस्म आतंकी रात भर नोचते रहे। वह रो-रो कर रहम की फरियाद करती रही। इंसानियत और इस्लाम के नाम पर दया की भीख मांगती रही तब भी जेहादियों ने उसे नहीं बक्शा। उन शब्दों को मैं पढ़ना नहीं चाहता कि सिगरेट से जलाते रहे। बलात्कार के बाद उसे लोहे की सलाखों से पीटा गया और गला काट कर मार दिया क्योंकि उसके पति और ससुर ने जंगे आजादी के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी थी। यह आगे बहुत लंबा है। आतंकवादियों ने महिलाओं के नाक, कान, जीभ काट डाले। ये सब मुसलमान हैं जिनके बारे में मैं पढ़ रहा हूं। लश्कर-ए-तोयबा उग्रवादियों ने एक ही परिवार के 40 लोगों को मार डाला, एक हजार महिलाओं का खून किया, 80 हजार लोगों को उन्होंने मार डाला और आप कहते है कि हम उन्हें भाई मानकर चल रहे हैं। ये लोग है जिनको आप भाई मानकर चल रहे हैं, अगर उनको हम भाई मानेंगे तो आप उनके खिलाफ कार्रवाई क्या करेंगे ? आप उन आतंकवादियों को, नृशंस हत्यारों को, बलात्कारियों को, जो जेहादी मानसिकता के होते हैं, वे कोई ऐसे नहीं कि यहां से भटके हुए हैं, वे बहुत ही मोटीवेशन के साथ यहां आये हुए हैं। आप कहते हैं कि हम उनको भाई मानकर चल रहे हैं और उसे आप रिकार्ड पर कहते हैं। फिर कहते हैं कि हां, मैंने कहा था। ये लोग जो इस प्रकार के हैं, क्या ये हमारे भाई हो सकते हैं? अगर हमारे भाई हैं और सारे देश में मानवाधिकारी उनके मान वाधिकार की बात करते हुए चलते हैं तो ये जो लोग मारे जा रहे हैं, उनके भी कोई मानवाधिकार हैं या नहीं ? उन बहनों के क्या कोई मानवाधिकार हैं, जिनके साथ बलात्कार होता है, जिनके अंग काट दिये जाते हैं, जिनके शरीर में से कलेजा निकाल दिया जाता है, दिल निकाल दिया जाता है, गला रेंत-रेंत कर मार दिया जाता है, डूबो-डूबो कर मारा जाता है ताकि वे किसी तरह से पाकिस्तान के साथ इस प्रकार की बातचीत न करें। उन्हें हम कैसे भाई मानकर चलें। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You should avoid such descriptions.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : अध्यक्ष जी, हमें भी बोलना है।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रघुनाथ झा जी, आपका लिस्ट में नाम है। तब बोलिएगा।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Order in the House please.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : ऐसी घटनाएं पहले भी हुईं थीं परंतु किसी गृह मंत्री ने यह नहीं कहा कि हम इनको भाई मानकर चल रहे हैं। इसलिए हम इनको रोजगार दे दें। क्या रोजगार देने से ऐसे लोग बदल जाएंगे ? इस प्रकार भाई मानकर हम कभी आतंकवाद या देश के खतरों को दूर नहीं कर सकते। इसलिए मैंने कहा कि इन्होंने पांच लाख पंडितों को शरणार्थी बना रखा है और ये एक साजिश के तहत काम कर रहे हैं। मैंने प्रणव दास का बयान देखा है। It is a proxy war. जो लोग प्रॉक्सी वॉर कर रहे हैं, वे हमारे भाई कैसे हो सकते हैं ? देश को सबसे बड़ा खतरा तो इसी मनोवृत्ति से है कि हम उनको भाई मानें जो इस प्रकार का कांड कर रहे हैं।

मैंने नैक्सेलाइट हिंसा के बारे में बहुत सी बातें कही हैं। मैं नैक्सेलाइट हिंसा के बारे में केवल इतना ही कहना चाहता हूं और शिवराज जी का उसमें भी बयान है कि They are our children. उत्तर प्रदेश में नैक्सेलाइट हिंसा का यह कांड हुआ। वहां पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि 31 पी.ए.सी. के पर्सनल जा रहे थे जब उनकी गाड़ी को उड़ाया गया और उस प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि मैंने इनको जब वहां पर देखा तो वहां 100, 150 थे। उनमें से कोई मरा नहीं था। एक की भी डैथ नहीं हुई थी परंतु वे लोग यह देखकर भागे और भागने के बाद नैक्सेलाइट हिंसा करने वाले जो लोग थे, उन्होंने वहां आकर सब घायलों को इकट्ठा किया। उनके सिरों में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इन लोगों का अपना कमिटमेंट है। उसके मुताबिक यह कार्रवाई हो रही है और यह कार्रवाई कहां से शुरू हुई? यह कार्रवाई नेपाल से शुरू होकर देश में फैलती जा रही है। सारे जिलों में फैलती जा रही हैं परंतु उसका मुकाबला कैसे कर रहे हैं।

सबसे बड़ी बात आन्ध्र प्रदेश में इन्होंने यह कही कि आन्ध्र में कहा कि उनसे समझौता करो, उनसे बातचीत करो। वे हथियार छोड़ें या न छोड़ें, बिना हथियार छोड़ें बातचीत के लिए आएं, अपने हथियारों को लेकर आएं और उन्होंने वहां पर हथियारों का प्रदर्शन किया और आप सारे देश को कह रहे हैं कि जो आन्ध्र ने किया, वैसा ही तुम भी करो। स्पेशल पॉवर्स को समाप्त करो। इसी तरह से इन लोगों के ज्यादा हौसले बढ़ते हैं, उनके साधन बढ़ते हैं, उनको ज्यादा पैसा प्राप्त होता है चाहे वह आई.एस.आई. दे या दूसरा दे। इसलिए नैक्सेलाइट को रोजगार ज्यादा दें जिससे वे लोग न भटकें, परंतु नैक्सेलाइट हिंसा छुड़वाए बिना हथियारों समेत उनको निमंत्रण दें और हथियार रखने की खुली इजाजत दें, स्पेशल पॉवर्स भी खत्म कर दें और देश भर में जिस प्रकार से पिछले साल South Asia Intelligence Review Vol.III, No.19 में इन्होंने बताया कि पिछले साल नवम्बर के महीने में यहां पर 'Total, the dramatic expansion of Naxalite activities from just 55 districts across nine States in the country in November 2003 to as many as 156 districts in 13 States by September 2004.' एक साल में यहां पर आपकी नीतियों के कारण 55 जिले इनके प्रभाव में थे। 156 जिले उनके प्रभाव में आ गये और धीरे-धीरे बाकी जिले भी आ जाएं और वे जिले उनके प्रभाव में आ जाएं और नैक्सेलाइट हिंसा देश में बढ़ती रहे। उससे देश में क्या स्थिति बनेगी? इसलिए मैंने कहा कि जो रास्ता चुना है, वह रास्ता ठीक नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, नक्लवादी हिंसा के बाद मैं एकाध उल्लेख और कहना चाहूंगा, जिसमें मदरसों के बारे में प्रमुख है। मदरसों के बारे में उल्लेख होता है, तो कोशिश की जा रही है कि वहां फिजिक्स, कैमिस्ट्री और अन्य विाय पढ़ाए जाएंगे। वहां कोई इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जाए, जिससे लगे कि कुछ अनुचित हो रहा है। सरकार ने एक टास्क फोर्स बनाई थी। उस टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट दे दी है और वह गृह मंत्री जी के पास भी जरूर होगी। उसमें जो बातें कही गई हैं, उनमें से मैं दो-तीन बातों का उल्लेख करना चाहूंगा। टास्क फोर्स की जो पब्लिक रिपोर्ट है, उसमें कहा गया है :-

> "In several cases, considerable foreign funds have become available to these institutions through non-banking institutions. Efforts at Arabicization of Muslims and their education is a matter of concern which should not be dismissed light-heartedly. Bringing the educational curriculum of *madrasas* into the mainstream by the inclusion of subjects such as physics, chemistry, mathematics, information technology and so on is a major challenge which must be accepted in the long term interest of the country. â€¦.
>
> In *maktabs* and *madrasas*, young students are taught Urdu, Arabic and even Persian languages and imparted instruction in the teachings of Islam. Focus is on traditional religious teaching, and modern subjects are not there.
>
> There has been mushrooming and visible growth of mosques and *madrasas* all along our international borders. The intriguing thing is that these have come up where there is a very small or no population of the minority community â€.." ...(*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, I have to object to this. He is quoting from something. He has to authenticate it and put on the Table of the House. ...(*Interruptions*) Anything which is quoted has to be authenticated. ...(*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : I will do it. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He has agreed.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, the Task Force has proceeded to provide specific figures about the way etc....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Whose Task Force?

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : भारत सरकार ने कारगिल वार के बाद यह किया।

It further says:

> "On the Indo-Bangladesh border, growth of *madrasas/*mosques is taking place along with a shift in demographic composition due to illegal immigration of a large number of people from Bangladesh into the border districts in India. Increasing crowding out of economic opportunities for the local population and the shift towards Islamization â€¦ "

MD. SALIM (CALCUTTA − NORTH EAST): Sir, he is reading out the Report of the Task Force constituted by the Home Ministry. The Members are not privy to that Report. If he, as a special Member, is having this Report, he should place it with his authentication. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He has already undertaken to do that, Mr. Salim.

...(*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जितना पोर्शन मैंने पढ़ा है, वह मैं रख देता हूं।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, I have to submit one thing. After the Kargil war, a Committee was constituted to look into the causes, and the Report was given by Shri Subramanian. That Report was examined by a Group of Ministers, and this Group of Ministers had constituted some Task Force and they had examined it. The Report given by the Task Force to the Government of India is a secret document. That is number one.

Secondly, what has been stated by the Ministers in the Group of Ministers is not secret but this Report is secret. Moreover, whether this forms part of that Report or not, one does not know. That is why, he has to authenticate it also. ...(*Interruptions*)

श्री विजय कुमार मल्होत्रा : यहां पर जितना ऑब्जेक्शन हो रहा है, मैं अपनी तरफ से कहता हूं कि ये जो मदरसे हैं, हालांकि सरकारी आंकड़ों में कहा गया हैâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You just refer to the gist and authenticate it.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, *madrasas* in some places are reported ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You have to apply your judgment also, Prof. Malhotra.

...(*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, यह नहीं कहा गया है कि सभी मदरसों की स्थिति ऐसी है।

MR. SPEAKER: Kindly authenticate it. Otherwise, it will be deleted.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जितने भी मदरसे हैं, हम सभी चाहते हैं कि वहां अच्छी शिक्षा बच्चों को मिले। इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन किसी मदरसे के बारे में कहा जाए कि वहां कुछ अनुचित हो रहा है, उसकी जांच नहीं की जाए, यह नहीं देखा जाए कि वहां कैसे आईएसआई अपने पांव जमा रही है और लोगों को बहका रही है, इन सब चीजों को सरकार को देखना चाहिए।

मैं तीन-चार बातों का उल्लेख करना चाहता हूं। प्रणव साहब ने आज अमेरिका के बारे में जो कहा, वह ठीक कहा। भारत के अंदर जो आतंकवाद है, अमेरिका का रवैया उस संदर्भ में निहायत ही अफसोसनाक है। वह इसलिए कि अमेरिका ने दावा किया है कि वह विश्व में आतंकवाद के विरूद्ध लड़ाई का अगुवा है, अग्रणी है, वह दावा भी गलत साबित होता जा रहा है और वह केवल अब बयानबाजी ही रह गया है। यह एक तरह का ढोंग है, क्योंकि पाकिस्तान को एफ-16 विमान देना, पाकिस्तान को खरबों रुपए की सहायता देना उसके इस दावे को गलत सिद्ध करता है। वह जो खरबों रुपए की मदद पाकिस्तान को दे रहा है, आईएसआई के माध्यम से हिन्दुस्तान में आतंकवाद फैलाने के लिए, भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बनता जा रहा है, इस काम के लिए वह रुपया दिया जा रहा है।

वह रुपया उनको दिया जा रहा है, उनको हथियार दिये जा रहे हैं जो हमारे खिलाफ इस्तेमाल होंगे। जम्मू-कश्मीर का जो पाकिस्तान की तरफ का हिस्सा है, उसके लिए अमरीका के मापदंड अलग हैं और हमारी तरफ का जो हिस्सा है उसके लिए मापदंड अलग हैं। इसकी हम निंदा करना चाहते हैं। अमरीका भी भारत में आतंक वाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को मदद कर रहा है और यह बहुत ही घातक और अफसोसनाक बात है। अध्यक्ष महोदय, यहां पर पोटा को रिपील कर दिया गया। मैं उस बहस में जाना नहीं चाहता हूं। अध्यक्ष जी, सारी दुनिया के मुल्क आतंकवाद से निपटने के लिए कानून बना रहे हैं और भारत ऐसा पहला देश है जो पोटा

को रिपील कर रहा है। यूएनओ में आप गये थे और आपने उनसे वादा किया था। ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It has already been discussed fully.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : I know that. मैं जानता हूं सर, â€¦ (व्यवधान)देश को बर्बाद कर रहे हैं, तो क्या हम कुछ उल्लेख भी न करें। â€¦ (व्यवधान)

श्री रघुनाथ झा : पोटा की बात खत्म हो गयीâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: That will be deleted.

*(Interruptions)**

MR. SPEAKER: The speech of anybody who is speaking without my permission will be deleted.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : सार्क सम्मेलन हो या दुनिया में कोई भी सम्मेलन हो, हम कहते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे साथ चलो, आतंकवाद को रोकने के लिए हम सभी को कोशिश करनी चाहिए और अपने देश में पोटा जैसे कानून को रिपील करते हैं। बंगला देश को आमंत्रित करते हैं, आईएसआई की गतिविधियोंâ€¦ (व्यवधान)पर पर्दा डालते हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बात में और जयचंदी मनोवृत्ति, मीरजाफरी मनोवृत्ति या क्विजलिंग्स के पीछे चलने में क्या अंतर हैâ€¦ (व्यवधान)इस तरह की मनोवृत्ति अगर आप रखेंगे तो देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में पड़ती चली जाएगी। हम आपको सावधान करना चाहते हैं कि इस रास्ते पर मत चलिये, यह रास्ता देश को बर्बाद कर देगा। अगर ऐसा हुआ तो आने वाली पीढ़ियां आपको क्षमा नहीं करेंगी। इन्हीं शब्दों के साथ में अपना भाण समाप्त करता हूं।

* Not Recorded.

SHRI NIKHIL KUMAR (AURANGABAD, BIHAR): Sir, I begin by inviting the attention of the House to this very day three years ago to which hon. Prof. Vijay Kumar Malhotra had made a reference when 13 of our valiant security personnel of Parliament laid down their lives. They protected the House. They protected the symbol of democracy in this country. So, I begin by paying my homage to them, and I am sure the House will join me in paying the homage.

MR. SPEAKER: We have already done it in the morning.

SHRI NIKHIL KUMAR : Sir, I am new to this House, but we have been watching how the political parties have functioned and how their Members in the House have functioned, and I am amazed both outside and now here itself. माननीय विजय कुमार मल्होत्रा जी ने कहा कि जो डैमोग्राफिक परिस्थितियां थी वह असम और बंगाल के जिलों में बदल गयी। यह कहा गया कि यह पिछले 7 महीनों में हुआ है। यह पिछले सात महीनों में नहीं हुआ है, यह पिछले 10 सालों में हुआ है और उसमें 6 साल आपकी सरकार थी। गैरकानूनी माइग्रेशन को रोकने का जो सबसे कारगर तरीका है वह बार्डर पर फैंसिंग लगाना है। आप पंजाब, राजस्थान और गुजरात में फैंसिंग लगाइये। कश्मीर में फैंसिंग लगी है और उसकी वजह से इंडो-पाक बार्डर पर घुसपैठ नैगलिजिबल हो गयी है। मेरा कहना यह है कि फिर आपने बंगला देश बार्डर पर क्यों नहीं लगाई। पिछले 6 सालों से इसकी चर्चा हो रही है। इस चर्चा को सन् 1998 में पहली बार उठाया गया था और कहा गया था कि वहां फैंसिंग लगेगी। एक एजेंसी को लगाया गया और सर्वे हुआ। उसका एस्टीमेट बना और इसको लगाना तय हुआ।

जहां तक मुझे याद आता है, मई या जुलाई, 2003 तक फैन्सिंग बन जायेगी लेकिन अब यह डेट दिसम्बर, 2004 हो गयी है। मौजूदा सरकार ने फैंसिंग बनाने की पहल की है और इसे बनाने की तारीख मुकर्रर हो गई है। अगर हम लोग ओबे कर सकें तो अपने आप में यह एक उपलब्धि होगी। इससे इनफिल्ट्रेशन, इल्लीगल माइग्रेशन पर बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

अध्यक्ष जी, माननीय मल्होत्रा जी ने पोटा के विाय में सवाल उठाया। पोटा पर डिसकशन हो चुकी है और मैं भी इस विाय पर बोलने वाला था। चूंकि श्री मल्होत्रा जी ने बात उठायी है तो मैं समझता हूं कि उसका स्पटीकरण जरूरी है। मैं एक ऐसी बैकग्राउंड से आता हूं जो पोटा के सवाल को अच्छी तरह समझते रहे हैं।

Let us not forget that it was the Congress Government in 1985 which first thought of a special law to combat terrorism and it brought in TADA. TADA was brought into force in 1985. It was expected that it would be of great help to us in combating terrorism but in ten years' time two things happened. TADA was not able to prevent the assassination of Shri Rajiv Gandhi. Even though TADA had lapsed, its effect had been felt all over the country and especially in Punjab, where the then Chief Minister of Punjab was also assassinated. It was not because TADA was ineffective or it just had no teeth. It had to be implemented on the ground by security enforcement agencies, that is to say, the police and other paramilitary forces. If they were not doing their job, TADA or any such law would not be effective. More important is the question of its misuse. It is because of its misuse that the Congress Government had at that time in 1995 allowed TADA to lapse and did not renew the special law. It was at that time that those of our friends who are sitting on the opposite side were criticising the misuse.

When they came into Government, they brought in a special law. Now, we are being consistent in our approach. We said that this special law was not necessary and it would be misused as was done to TADA. We repealed POTA and instead brought in the Unlawful Activities (Prevention) Amendment Bill. Let us now see how this led to a dilution.

There were three main provisions in POTA which were supposed to be of great use to the law enforcing authorities. The first one was the arrest and remand of people in judicial or police custody. The second was the question of keeping a person in police custody for a certain period of time to enable the person's interrogation. The third was the question of interception of messages. I must clarify that the new amendment has made it clear that the three major provisions of POTA have been retained, which relate to financing of terrorist organisations which are involved in terrorist activities.

श्री मोहन सिंह : बात तो वही है।

श्री निखिल कुमार : पहले पुलिस के पास जो प्रोवीजन था, जिसका वह मिसयूज किया करती थी, वह चीज हटा दी गई है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर पुलिस के पास 14 दिन तक के लिये अपराधी को रिमांड पर दिया गया है, यदि वह उससे सही बात नहीं उगलवा सकी तो 30 दिन क्या, 60-90 दिन भी मिल जायें, तो भी वह नहीं उगलवा सकतीâ€¦ (व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : जब माननीय सदस्य पहले पुलिस में थे, क्या उन्होंने इसका मिसयूज किया?

MR. SPEAKER: No interruptions please. He does not yield.

...(*Interruptions*)

श्री निखिल कुमार : जब मैं पुलिस में था, अगर इसका मिसयूज हुआ होता तो माननीय सदस्य को पता लग जाता या सब से पहले माननीय मल्होत्रा जी को पता लग जाता। क्योंकि ऐसा मिसयूज ही नहीं हुआ था। गुजरात में सब से पहले इसका सब से ज्यादा मिसयूज हुआ, जिस पर मै बाद में बोलूंगा।

SHRI KHARABELA SWAIN : What is the necessity of â€¦....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He has not yielded. Nothing is being recorded. Do not get upset. We cannot change anybody's habit so easily.

*(Interruptions)**

SHRI NIKHIL KUMAR : Repeal does not mean dilution of the law to deal with terrorism. ...(*Interruptions*) Repeal does not mean dilution in the attitude towards terrorism. In that, we remain as steadfast and as strong as ever and it will be seen as to how the new law, the Unlawful Activities Prevention Act is going to be utilised and it will not be in any way less effective than POTA. ...(*Interruptions*)

SHRI KHARABELA SWAIN : So, itâ€¦ ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is not to be recorded. He has not yielded.

*(Interruptions)**

* Not Recorded

SHRI NIKHIL KUMAR : The POTA was draconian. POTA's provisions have been removed and only the normal law will now be utilised. This is a very fine distinction and I am sure you will be able to understand it, if you were able to understand the law. ...(*Interruptions*)

Now, I come to the problems and the major threat facing the internal security. Much has been said about that, so I need not repeat that. I would like to place before this House and invite the kind attention of the hon. Minister of Home Affairs to certain suggestions on how to go about dealing with these problems.

First of all, as far as terrorism is concerned -- and I am going to deal with some specifics, with your permission, Sir, -- it is necessary to draw up some kind of an operational plan of action. Unless you do that, our effort to deal with terrorism in an effective manner will not prove successful at all. We need to have a long-term perspective plan and we should have some kind of a strategy, and for this a few components will be something like this:

a. Area-specific annual plans will have to be made to counter terrorists groups active in a specific area;
b. There has to be a policy of conviction in areas where terrorists are thin on the ground and the network is relatively weak. They should be selected and through operations, they should be eliminated. Their presence should be totally eliminated from that area. Then, we should saturate this area with our own troops and with

our own security forces to see that they do not come back again;

c. There has to be a great deal of coordination. The present degree of coordination between the Centre and the State Governments is not what it should be. This should be in respect of not only plans of action but also equipment, arms, ammunition, etc. But most importantly, there has to be a very facile system of exchange of intelligence. At present, one hears that there has been put in position some kind of an organisation which will aid and assist the exchange and transfer of intelligence. But until that is done, any plan of action will not be implemented effectively.

Then, the IMDT Act should be repealed immediately. Until and unless this is repealed, we cannot stop infiltration. In respect of this, the hon. Minister has made a statement that this Act would spread all over the country. If this is done, this will not be beneficial to the internal security of the country.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): Mr. Chairman, Sir, it was with some amusement that I heard Prof. Vijay Kumar Malhotra speak today on the internal security scenario in the country and also with a tinge of sorrow. For the Congress Party, the question of internal security is not a matter of party politics. In fact, it cannot, and should not, be a question of party politics for anybody in the country.

Sir, during the last seven years, the Congress Party, sitting on the other side, extended full support to the Government on the question of internal security and today, with barely seven months on this side, one could not be but amused to hear the BJP leaders diagnose the entire problem in a way as if it was the making of somebody other than the BJP.

When I stand here to speak, I am conscious of the fact that the people of Jammu and Kashmir have been subjected to untold sorrow and suffering during the last almost two decades. A large number of people have been rendered homeless. They had to leave their homes and hearths for the most unhelpful environs of the refugee camps. But at the same time, we cannot lose sight of the fact that it was the Congress Party, many years back, which initiated steps to bring about normalcy in the State and it is the Congress today which is determined to do so.

The Prime Minister recently went to Jammu and Kashmir and taking a holistic approach of the entire problem, he ordered − this, of course, would be criticised by the Members on the other side − reduction in the number of security forces posted in the State to ensure build an environment of mutual trust and understanding. At the same time, an economic package of Rs. 24,000 crore has been announced. Much more has to be done and I understand that.

Sir, again I was surprised to hear Prof. Vijay Kumar Malhotra taking objection to one word which the hon. Home Minister may have used somewhere about the terrorists. He said, उनको भाई कहा। क्या किसी को भाई कहने में कोई गुनाह है? वे

बहुत भावुक हो गए। लगता था जैसे वे इस बात का जिक्र करते हुए कह रहे थे कि वे लोग जो कत्ल-ए-आम कर रहे हैं, उनको आप अपने गले से लगाना चाहते हैं। क्या आप वह वक्त भूल गए, जिन्होंने उन लोगों को कत्ल-ए-आम करने के लिए यहां तैयार किया, जिन्होंने उनको यहां सब प्रकार की ट्रेनिंग दी, ऐसे लोगों को जहाज में बिठाकर, अपने एक वरिठ मंत्री के साथ, जब वे आपको गालियां दिए जा रहे थे, आप उन्हें कांधार छोड़ने जा रहे थे?

क्या वह उस दिन की बात को भूल गये हैं। आज अगर कांग्रेस ने कह दिया कि कोई हमसे बात करना चाहता है, तो हम उससे बात करेंगे, उसमें क्या यह गलत है ?What is democracy all about? जम्हूरियत में यही होता है कि जो भी आदमी बात करना चाहता है, उससे आप बात कीजिए। हमने यही नेक्सलाइट्स के साथ किया है। इलेक्शन से पहले वहां की आन्ध्रा की सरकार ने, जो उस वक्त आपके साथी थे, क्या कहा था ? उन्होंने इसे एक बहुत बड़ा इश्यू बनाया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव में सिर्फ नेक्सलिज्म का मुद्दा होगा। हमने उसके विपरीत बात की थी। हमने कहा कि सिर्फ लॉ एंड आर्डर की ही समस्या या मुद्दा नहीं है, This is a socio-economic problem as well and it was with that in mind that we went to election and you know what happened there. The people voted overwhelmingly against the TDP, their partner, and not the Congress. उसके बाद अगर वहां एक प्रौसैस, उन लोगों को साथ लाने और उनसे बात करने का शुरू किया तो उसमें भी आप गलती निकालेंगे। एक शब्द कह दिया कि वह भाई है, तो आप उस पर एतराज करेंगे कि बातचीत के अलावा कोई और रास्ता हमें अपनाना चाहिए ।

चूंकि यह आतंरिक सुरक्षा का मसला है, इसलिए मैं दो-तीन मुद्दों के बारे में एक साथ बात करना चाहूंगा। आपने एक बात आटोनॉमी की कही। आप भूल गये कि उस समय श्री नरसिंह राव जी ने बुरकिनो फासो मे क्या कहा था ? उस वक्त एक ब्लू प्रिंट जम्मू कश्मीर की बात का समाधान करने के लिए दिया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि अगर कोई किसी तरह की अफरातफरी मचाना चाहता है तो उसके साथ हमारा किसी तरह का कोई ताल्लुक नहीं होगा। मैं आज पुरानी बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। इसमें सबसे पहले आपके गृह मंत्री रहे। आप कह देंगे कि आपके नहीं, बल्कि वह आज हमारे साथ हैं। इस तरह से बात नहीं बनती। आपके गृह मंत्री थे, उनकी बेटी के लिए आपने क्या किया ? मुझे उस वक्त ताज्जुब होता है, मैं वह बात फिर कहना चाहता । जैसे मल्होत्रा साहब ने कहा, उससे बाहर श्री आडवाणी जी, जो विपक्ष के नेता हैं, वे कहते हैं कि कांग्रेस के हाथों देश सुरक्षित नहीं है। ये कहां से आये हैं ? क्या वे 57 वां का इतिहास भूल गये हैं ? किस-किस हालात में हिन्दुस्तान की सुरक्षा एक मुद्दा बनाकर चार्टर आफ फेथ, एन आर्टिकल ऑफ फेथ, किसने किया, कांग्रेस ने किया। किसने जाने गंवायीं ? कांग्रेस के, देश के बड़े-बड़े नेताओं की जानें गयीं। ठीक है, देश मे अलग-अलग जगहों पर हालात खराब हों, तो हमें उसका समाधान ढूंढना चाहिए। जब कश्मीर की बात हुई, 1953 की मैंने बात नहीं की, मैं मल्होत्रा जी को याद कराना चाहता हूं कि उनकी सोच और हमारी सोच में एक अंतर था। जो लोग इनकी डोर संभाल कर रखते हैं, वहां जम्मू-कश्मीर को तीन हिस्से में बांट देने का, धर्म की बिना पर कारगिल और वेली को अलग, लेह को अलग और जम्मू को अलग करने का एक दस्तावेज तैयार किया गया था। कांग्रेस ने उसे आज भी नहीं माना और पहले भी नहीं माना। जब मैंने बुरकिनो फारसो का जिक्र किया था, प्रधान मंत्री श्री नरसिंह जी के भाण का जिक्र किया था, उस वक्त भी उन्होंने कहा था कि सदियों से वहां बहुत डायवर्सिटी रही है. भिन्नता रही है लेकिन समूचा जम्मू कश्मीर एक यूनिट के तौर पर रहा है और उसे हम हिन्दुस्तान का अटूट अंग मानते हुए बरकरार रखेंगे। प्रधान मंत्री जी ने यही कहा कि हम किसी से भी बातचीत करने के लिए तैयार हैं लेकिन देश की जो रेखाएं हैं, उनको दूसरी बार नहीं लिखा जा सकता है। उस पर आपको एतराज है ? आप समझते हैं कि देश की जो आतंरिक सुरक्षा है, उसके साथ कम्प्रोमाइज हो रहा है। इतना ही नहीं, मैं सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि कांग्रेस स्थिति समझती है। कांग्रेस बहुत मुश्किलात के हालात से निकली है। जम्मू कश्मीर के लोग हमेशा हिन्दुस्तान को अपना देश मानते हैं और मानते रहेंगे। जैसा उधर से कहा गया कि अगर हम एक चश्मे से देखें, हर चीज को तोड़-मरोड़कर बात करने की कोशिश करें तो शायद न उससे अपना भला होगा, न देश का भला होगा और न अपना जो राजनीतिक मुद्दा है, उसका भला हो सकता है।

सिर्फ इतना कहते हुए मैं मामूली सी बात का जिक्र करना चाहता हूं। नैक्सेलिज्म के बारे में हमने सिर्फ बातचीत करने के लिए कहा है और जब से आप जानते हैं, एनएससीएन बात करने के लिए आये। कांग्रेस की सरकार ने, हमारे प्रधान मंत्री ने कहा कि बातचीत हिन्दुस्तान के बीच में हो और यहां लोग आए क्योंकि आज नागालैंड में भी लोग महसूस करते हैं कि इतने वर्षों से झगड़ा चलता रहा है, वहां से हमें क्या मिला है ? इसलिए वे चाहते हैं और खास तौर पर वहां की महिलाएं चाहती हैं और इसीलिए वे बाहर निकलकर आ रही हैं कि हमें बातचीत करनी है, हिन्दुस्तान का एक अच्छा अंग बनकर रहना है। मणिपुर में नागालैंड कंसोलिडेशन का सवाल है, समस्या उठ जाती है लेकिन उसके लिए सभी को मिलकर बातचीत करनी होगी और सबसे ज्यादा इन चीजों पर बातचीत करनी होगी कि वहां की सोशल तथा इकॉनोमिक कंडीशन को कैसे बेहतर बना सकते हैं। आप समय का इशारा कर रहे हैं। मैं बिल्कुल ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जिस हॉलिस्ट्क एप्रोच की जरूरत है, वही तरीका, वही रास्ता कांग्रेस ने अपनाया हुआ है। बेशक वे हमारी नॉर्थ-ईस्ट के स्टेट्स हों, बेशक नैक्सेलिज्म की समस्या के साथ डील करने की बात हो, बेशक जम्मू-कश्मीर के साथ डील करने की बात हो। मैं मामूली सी बात का जिक्र करना चाहता था लेकिन आपने समय का इशारा

कर दिया है। इसलिए इतना कहकर ही मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : सभापति जी, आन्तरिक सुरक्षा का प्रश्न सभी को बैचेन करने वाला मुद्दा है और इसलिए जिन माननीय सदस्यों ने निरन्तर देश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई हालत, आतंकवाद की बढ़ती हुई समस्या, सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद इस नजरिये से उसको देखने की कोशिश की है, उनकी चिंता में मैं भी अपनी चिंता को शामिल करता हूं।

जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, बंटवारे के बाद से ही हमारे देश में सबसे महत्व का विाय रहा है और इस पर निर्णय लेने का जो काम हमने इस देश में हमेशा सर्वानुमति से किया, सभी दलों को विश्वास में लेकर किया। मुझे इस बात का अफसोस है कि पिछले 9-10 महीने में कश्मीर में आतंकवाद के संबंध में भारत सरकार ने जो भी निर्णय लिया, जो भी नीतिगत वक्तव्य दिया और जिस तरह के भी प्रयास किये, उन प्रयासों में सभी दलों को शामिल नहीं किया गया। मैं अपना अफसोस इस मुद्दे पर प्रकट करना चाहता हूं कि वहां से सेना हटाने, सेना में कटौती करने जैसा एक महत्वपूर्ण फैसला भारत सरकार ने लिया। इन लोगों को तो विश्वास में नहीं लिया, यह बात समझ में आती है लेकिन जो लोग सहयोगी दलों में हैं, उनको भी विश्वास में इस बात के लिए नहीं लिया गया, यह बहुत कट का विाय है। इसलिए मैं आग्रह करना चाहता हूं कि जिस दिन से वहां से सेना में कटौती की गई है, वहां के उग्रवाद में थोड़ी-बहुत कमी या अधिकता हो सकती है, उसकी परिस्थितियां हैं क्योंकि जब से अफगानिस्तान में लोक तंत्र की स्थापना हुई है, भारत में भाड़े पर अपने घुसपैठियों को भेजने में पाकिस्तान को भी थोड़ी दिक्कत हो रही है।

इसलिए आज जो थोड़ी-बहुत कमी दिखाई पड़ रही है, वह कमी इसलिए नहीं दिखाई पड़ रही है कि पाकिस्तान ने अपने रवैये में परिवर्तन कर लिया है, कमी परिस्थितियोंवश दिखलाई पड़ रही है और ऐसी कमी कई बार आज़ाद भारत के इतिहास में दिखाई पड़ी। अभी पिछले सप्ताह लोक सभा में जब पूर्वोत्तर के उग्रवाद के बारे में प्रश्न किया गया तो माननीय गृह मंत्री जी ने इसको स्वीकार किया कि बंगलादेश में पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद में घुसपैठिये और उसके ठिकाने बंगलादेश में स्थापित हैं। उनको पाकिस्तान के आई.एस.आई. की सामरिक और आर्थिक और स्ट्रेटेजी संबंधी सभी तरह की इमदाद पाकिस्तान द्वारा मिल रही है।

अब जब पूर्वोत्तर में विस्फोट हुए, दुर्भाग्य की बात है कि गांधी जयंती के अवसर पर हुए। भारत सरकार की ओर से तीन वक्तव्य आए। एक जिम्मेदार मंत्री का वक्तव्य आया कि पाकिस्तान का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। तुरंत उसका प्रतिवाद आया कि उसका हाथ नहीं है। फिर रक्षा मंत्री का बयान आया कि नहीं, आईएसआई का हाथ है और उसके पुट प्रमाण हैं। जब किसी एक प्रश्न पर सरकार के तीन जिम्मेदार मंत्री तीन तरह के वक्तव्य देंगे, तो इस बात का संकेत जाता है कि सरकार आतंकवाद का मुकाबना करने में संगठित नहीं है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। इसलिए हम आग्रह करना चाहते हैं कि जो कुछ भी आज की परिस्थितियों में यह दिखाई पड़ रहा है कि घुसपैठ में कमी आई है, उस कमी का कारण उसके पीछे दुनिया के एक शक्तिशाली देश का सम्बन्ध है। वह भारत और पाकिस्तान के रिश्तों को बिगाड़ कर रखना चाहता है। नरसिंह राव जी के जमाने से लेकर वाजपेयी जी के जमाने तक और आज की सरकार ने, तीनों सरकारों ने इस सिलसिले को जारी रखा। बावजूद इसके कि भाजपा के मित्र कहते रहे कि बातचीत से कश्मीर की समस्या का निदान नहीं है, भारत को अंतिम संर्घा करना चाहिए। लेकिन जब वे सरकार में आ गए तो इन्होंने सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में इस उपलब्धि को भी गिनाते हैं कि वाजपेयी जी ने लाहौर में जाकर पाकिस्तान से इस समस्या का बातचीत से हल करने का सिलसिला शुरू किया। इस बात को सभी सरकारों ने स्वीकार किया है कि कश्मीर समस्या का समाधान बातचीत से हो सकता है। सिद्धांत रूप में हम सब स्वीकार करते हैं कि पाकिस्तान और भारत के बीच भाईचारे का रिश्ता होना चाहिए। पड़ोसी का रिश्ता तो है ही, लेकिन हम पड़ोसी नहीं, दोनों भाई हैं। किन्हीं परिस्थितियोंवश एक साम्राज्यवादी ताकत ने हमें बांट दिया। इसलिए हम दोनों के बीच भाईचारा होना चाहिए। सैद्धांतिक रूप में यह बात अच्छी लगती है। लेकिन इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब कभी लोकतांत्रिक शक्तियां पाकिस्तान में मजबूत होती हैं, तो इधर घुसपैठ में कमी आती है। जब कभी वहां तानाशाह और सैनिक हुकूमत आती है तो घुसपैठ में बढ़ोत्तरी होती है। संयोग से आज वहां सैनिक तानाशाह है। लेकिन वह भी आंतरिक उग्रवाद से प्रभावित है और उनके ऊपर भी आक्रमण हो चुके हैं। इसलिए यहां घुसपैठ में कमी आई है कि उधर घुसपैठ करने के लिए आतंकवादियों में आपसी लड़ाई से उनकी शक्ति जाया हो रही है। यह जो अवसर मिला है, उसका हमें इस्तेमाल करना चाहिए।

मैं बात को लम्बा नहीं करना चाहता, क्योंकि समय कम है। पूर्वोत्तर का जो उग्रवाद है, वह कहां से शुरू हुआ। हमारे मित्र ने कहा कि किसी महिला के साथ रक्षा बलों ने ऐसा कर दिया। ऐसी बात नहीं है, पिछले आठ-दस वार्ों में वहां के उग्रवादी संगठनों के साथ भारत सरकार संधि विराम किए हुए है। हमारे प्रतिनिधि पिछले आठ-दस सालों से कभी एमस्टर्डम जाते हैं तो कभी थाइलैंड जाते हैं और वहां उनके निधियों से बात करते हैं। उनको महिमा मंडित करने का काम किया जाता है। हम एक समयसीमा चाहते हैं कि एन.एस.सी.एन. (आई.एम.) से भारत सरकार की कब तक वार्ता चलेगी। अभी तो लग रहा है कि एक अंतहीन वार्ता चलती रहेगी। क्या हम उनको इस बात की छूट देंगे कि उनकी जो आक्रमणकारी शक्ति है, उसमें इजाफा वे करते रहें। उनका जो हरावल दस्ता है, जो आक्रमण करने वाला दस्ता है, उसका वार्षिक बजट 30 करोड़ रुपए का हो गया है। उनके पास पांच हजार आज की तारीख में ऐसे स्वयं सेवक हैं, जो आपके ठिकानों पर हमला करने की स्थिति में हो गए हैं। ऐसी स्थिति में आप बातचीत कर रहे हैं। वृहद नगालैंड को लेकर आपने संधि विराम कर दिया। उसको लेकर मणिपुर की जनता में विस्फोट हुआ। उन्होंने उसको अस्वीकार कर दिया। क्या भारत सरकार वृहद नगालैंड के सिद्धांत को स्वीकार करने को तैयार है, यदि है तो नगा उग्रवादियों केसाथ एक समझौता तो हो सकता है, लेकिन दूसरे विवाद के विाय और खड़े हो जाएंगे, जिसके लिए मणिपुर की जनता आज की तारीख में तैयार नहीं है। इसलिए इस संवेदनशील प्रश्न पर भारत सरकार को एक समग्र और समन्वित नीति तैयार करने की जरूरत है. हम एक सीमा निर्धारित करके उनसे वार्ता करें। उनसे यह भी तय करें कि वार्ता की यह अंतिम तारीख हो, तो वही होनी चाहिए, उसके बाद हम अपनी शक्ति और ताकत के साथ वहां के उग्रवाद को खत्म करने की कोशिश करें। मैं यह आग्रह करना चाहता हूं।

जहां तक नक्सलवाद का सवाल है. यह आज की पैदाइश नहीं है। सन् 1967 में जब इस संसद के भीतर विधि-विरुद्ध अध्यादेश कानून पास किया और अगर आप उसकी बहस को आज की तारीख में पढ़ें, तो उसी समय इस देश में नक्सलवाद की आहट सुनाई देने लगी थी। विभिन्न राज्यों में संयुक्त विधायक दलों की सरकारें बनी थीं और साम्यवादी पार्टी उसमें शरीक हो गयी थी और उसमें इस विचारधारा के लोग जो यह आरोप लगाते थे कि साम्यवादी आंदोलन अब संसदीय पद्धति की ओर प्रवेश कर रहा है, हम इसमें शामिल नहीं हो सकते। उन लोगों ने इस विचारधारा को जन्म दिया था। इसका विस्फोट अप्रैल 1969 में नक्सलवाड़ी में हुआ. जहां 150 भूस्वामियों की एक साथ हत्या कर दी गयी थी। इसीलिए इस विचारधारा के लोगों को नक्सलवादी विचारधारा के नाम से जाना जाने लगा। आज की तारीख में चार राज्यों में इसका फैलाव हो चुका है। जैसा मेरे मित्र ने सुझाव दिया कि इस आंदोलन को काउंटर करने के लिए हमें आर्थिक और सामाजिक पहलू को देखना पड़ेगा। आर्थिक और सामाजिक कारणों से इस आंदोलन की उत्पत्ति होती है। सन् 1977 के बाद जब से साम्यवादियों की हुकूमत पश्चिमी बंगाल में आई तब से उन्होंने भू-स्वामित्व के मामले को युद्ध-स्तर पर हल किया। इसलिए नक्सलवादी आंदोलन वहां खत्म हो गया। इसकी आधारशिला उन राज्यों में फैली जहां भूमि का अधिकार गरीबों के हाथों में नहीं है। इसलिए भारत सरकार को इसे कानून-व्यवस्था का सवाल न मानकर इसे सामाजिक और आर्थिक परिस्थिति से उपजा हुआ आंदोलन मानना चाहिए और इस पर काबू पाने के लिए हमको सामाजिक और आर्थिक सुधारों की ओर पहल करनी चाहिए - ऐसा मैं आग्रह करता हूं। आपके पास समय कम है और मेरे पास भी समय कम है। इसलिए इन थोड़े से सुझावों के साथ अपनी चिंता प्रकट करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री बृज किशोर त्रिपाठी (पुरी) : सभापति महोदय, देश खराब स्थिति में पहुंच चुका है लेकिन सरकार इसे मानने के लिए तैयार नहीं है। जैसा कि माननीय बंसल जी ने बताया और मैं उनसे सहमत हूं लेकिन सरकार राट्रीय सुरक्षा के मामले में राजनीति में डूबे, यह ठीक नहीं है। सरकार तो विपक्ष को भी कांफिडेंस में नहीं लेती

है। अभी 9000 टूप्स अन्तर्राट्रीय बार्डर से विद-ड्रा किये गये, लेकिन इस पर भी विपक्ष के साथ सरकार ने बातचीत करना उचित नहीं समझा। देश के अंदर जो समस्याएं हैं उन पर विपक्ष को कांफिडेंस में लेना जरूरी है, ऐसा सरकार मानती नजर नहीं आती है। आप सब नेशनल पेपर्स देखिये, अखबारों ने छाप दिया कि सरकार का गृह मंत्रालय पर विश्वास नहीं है। गृह मंत्री स्वंय मास्टर-डिजास्टर है। डेली न्यूज-पेपर्स ने लिख दिया कि यह मास्टर-डिजास्टर है। देश की स्थिति पिछले 7 महीनों में बिगड़ गयी है, इस बात को सरकार को मानना चाहिए। इसके समाधान के लिए भी विपक्ष को विश्वास में लेना जरुरी है। सितम्बर तक के जो आंकड़े मेरे पास हैं उसमें 350 सिविलियन नार्थ-ईस्ट में मारे गये हैं और उधर इसी समय तक वायलेंस की जो 860 घटनाएं हुई हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मारे गये सिविलियन्स की संख्या 100 है और दो अक्टूबर को वहां जो घटनाएं हुई वह सब को मालूम हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी कश्मीर गये और वहां पर उनकी सभा के नजदीक जो विस्फोट हुआ, ऐसा पिछले 7 सालों में कभी नहीं हुआ। टैरेरिस्ट बातचीत करना चाहते हैं, यह मेरी समझ या देश की समझ के बाहर की बात है। सरकार बहुत गंभीर है, ऐसा भी नहीं लगता है। मेरा विचार है कि सरकार के तीन पावर सेंटर्स बन गये हैं। गृह मंत्री स्वतंत्र नहीं है, वे प्रधान मंत्री जी पर निर्भर करते हैं और प्रधान मंत्री जी दूसरों पर निर्भर करते हैं। यही देश की स्थिति के बिगड़ने का मुख्य कारण है। देश की स्थिति आज अच्छी नहीं है। नगालैंड में और मणिपुर के बारे में सरकार का विचार क्या है? गृह मंत्रालय स्पेशल आर्म्स फोर्स एक्ट को वापस लेना नहीं चाहता है, बातचीत करना नहीं चाहता है ।लेकिन प्रधान मंत्री के दफ्तर में प्रधान मंत्री खुद बातचीत करते हैं और कहते हैं कि हम आर्म्ड फोर्सिज एक्ट को विदड्रा करने के लिए विचार करेंगे। होम मिनिस्ट्री, प्रधान मंत्री और डिफेंस मिनिस्ट्री में कोआर्डिनेशन नहीं है जिस के कारण देश की हालत ज्यादा बिगड़ रही है। असम के मुख्यमंत्री कहते हैं कि

"Diplomatic pressure in Bangladesh and Myanmar to demolish the camps "

जो नॉर्थ ईस्ट की परिस्थिति है, उसके बारे में सभी जानते हैं कि कौन एंटी सोशल एलिमैंट्स को फंडिग और फाइनेन्स करता है? राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में होम मिनिस्टर ने कहा कि आईएसआई टैररिस्ट्स को फंडिंग करता है जिससे वे कैम्प चलाते हैं। देश में अस्थिरता पैदा करने में आईएसआई का मुख्य हाथ है। इस बात को सरकार खुद मानती है। असम के माननीय मुख्यमंत्री ने बताया कि जो नॉर्थ ईस्ट और असम की समस्या है, उसका मुख्य कारण बांग्लादेश और म्यांमार में जो कैम्प चल रहे हैं, वहीं से सारी गतिविधियां चल रही हैं। वहां आर्म्स और एम्युनिशन की स्मगलिंग होती है। सिनो-म्यांमार के बॉर्डर के पास उन्हें वैपन्स आसानी से उपलब्ध होते हैं। उन कैम्पों के माध्यम से बांग्लादेश और पाकिस्तान से सारे हथियारों की स्मलिंग हो रही है। इसके साथ ड्रग्स की भी स्मगलिंग होती है।

17.26 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

ड्रग्स स्मलिंग का पैसा इनसर्जैंसी एक्टिविटीज के काम आता है। ड्रग्स स्मलिंग का धंधा म्यांमार से वाया साजाऐन-तामाम्यांमार रूट पर होता है। सरकार इसे रोकने के लिए क्या काम कर रही है? मैं कश्मीर के बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं। एनडीए के समय में ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के साथ दो राउंड की बातचीत हुई थी। सात महीने हो गए हैं। सरकार ने एक बार भी उनके साथ बातचीत करने की जरूरत नहीं समझी जबकि उनके साथ दो बार डॉयलॉग हो चुका था। क्या सात महीने में कोई ऐसी परिस्थिति पैदा नहीं हुई जिससे बातचीत शुरू हो सके। ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेस के लोग यह कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ पहले इस बारे में बातचीत की जाए। वह इसके बाद ही भारत सरकार के साथ बातचीत करेंगे। इस बारे में सरकार की क्या इनटैंशन है? क्या वह इसकी परमिशन देंगे? क्या वह पाकिस्तान से बातचीत करने के बाद हमारे साथ बातचीत करेंगे? सरकार की इस बारे में पूरी तरह से क्या इनटैंशन है? यह हमें मालूम नहीं हो रहा है। वह यूएनओ की सिक्योरिटी काउंसिल में परमानैंट मैम्बरशिप के लिए भी हमारा विरोध करते हैं। हम जिस के साथ बातचीत करना चाहते हैं, वहां वह इसका विरोध करते हैं। इस बारे में सरकार का स्टैंड क्लीयर होना चाहिए। जो ऐसे इनसर्जैंट्स ग्रुप और मिलिटैंट्स ग्रुप्स हैं, क्या हम उनके साथ बातचीत करेंगे या नहीं? ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेस बातचीत करने से पहले जो कंडिशन्स रखते हैं क्या सरकार उनको मानने के लिए तैयार है? सरकार कहती है कि Sky is the limit. क्या वे जो कंडिशन्स रखेंगे, सरकार उनको मानने के लिए तैयार है?

डिफेंस मिनिस्टर ने बताया कि 9 हजार से ज्यादा सैनिक बाडर से विदड्रा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लाइन ऑफ कंट्रोल के दूसरी तरफ 200 कैम्प्स चल रहे हैं। पाकिस्तान की तरफ से अभी भी देश पर विपदा है। ऐसी स्थिति में जो नौ हजार सैनिक लाइन ऑफ कंट्रोल से विदड्रा हुए, क्या सरकार ने उस पर अच्छी तरह से िवचार करके यह काम किया या किसी के प्रैशर से किया? यह बताने की यहां जरूरत है।

देश में नक्सलवाद की भी समस्या है। सामाजिक या आर्थिक नीति इस समस्या के लिए जिम्मेदार है। क्या इस समस्या को हल करने के लिए सरकार कोई पैकेज दे रही है? आन्ध्र प्रदेश सरकार ने नक्सलवादियों के साथ बातचीत की लेकिन कई दूसरी स्टेट्स उनके साथ बातचीत करना नहीं चाहती हैं।

लेकिन यह स्टेट की इंटरनल लॉ एंड ऑर्डर प्राब्लम नहीं है। नक्सलवाद की प्राब्लम को भारत सरकार को खुद राज्य सरकार से बातचीत करके हल करना चाहिये।

सभापति जी, हैदराबाद में गृह मंत्री जी ने सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के सी.एम. को बुलाकर बातचीत की थी और उन्हें फरमान दे दिये गये लेकिन इस बात को यहां नहीं छोड़ देना चाहिये। और राज्यों में भी यही प्राब्लम है। इसलिये यह केवल राज्य सरकार की बात नहीं है। एक स्टेट की इंटरनल प्राब्लम या लॉ एंड ऑर्डर खाली उस स्टेट के लिये नहीं, वह सारे देश की प्राब्लम है। नेपाल से माओवादी आकर सारे देश में फैलते जा रहे हैं। इसलिये सरकार की नक्सलवाद की प्राब्लम को हल करने की क्या इंटैंशन है, मुझे ठीक मालूम नहीं लगती है। देश के सभी स्टेट्स को डायरेक्शन देनी चाहिये कि वहां की पुलिस फोर्स का मौडर्नाइजेशन किया जाये । इसके लिये स्टेट गवर्नमेंट को 100 परसेंट ग्रांट देनी चाहिये। आज देश गम्भीर परिस्थिति में है। सरकार को इस सदन को कांफिडेंस में लेना चाहिये और इस प्राब्लम को सौल्व करने की चिन्ता करनी चाहिये।

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Thank you, Sir. Today we are discussing in this august House about the internal security of our country. It is not a mere law and order problem. Not only in our country but at present there is a phenomenon of problems of internal security in the whole world also. You see our neighbouring countries like Sri Lanka, Myanmar, Bangladesh, Pakistan, etc. and also the two most powerful countries of the world, USA and Russia. The problem is there in different countries for different aspects and for different reasons, whether it is on religious basis, whether it is an ethnic problem or whether it is a socio-economic problem. There are so many problems concerning this internal security of different countries.

But now we are concerned about our own country, our own motherland. I heard the speech of hon. Member Shri Vijay Kumar Malhotra. I heard the speeches of some Members of the Opposition Benches. They are considering this problem as a communal problem. They are accusing one section of religious people, those of minority community of our country who have sacrificed their whole life for the Independence movement and who have contributed much in our country's nation-building process also. But we are considering this problem as a socio-

economic and humanitarian problem also.

The emphasis of speeches of some of my friends is that the *madrasas* are the only problem for creation of this problem; in these *madrasas* the orphan boys are coming and staying there and they are learning some lessons which are anti-national, anti-India also and that is the main reason; and *madrasa* is the pivot of the dispute and insurgency and internal security of the country. I have heard one of the leaders of the BJP Benches. Their one-point programme is on Bangladeshi infiltrators and that is the main problem of this internal security situation of our country.

Day before yesterday our hon. Minister of Defence visited Kolkata and told in the media and to the people also that we should deal with the matter not with the arms but with a sympathetic view. The President of the BJP and the hon. Leader of the Opposition visited Assam and West Bengal in order to boost up the morale of his Party workers who are now demoralised after the elections. He told in the media in Guwahati and Kolkata that he advised his workers to fight against the Bangladeshi infiltrators.

That is their main programme. That is their one-point programme there. Sir, I am residing at Indo-Bangladesh border and the border is at a stone"s throw from my house. Sir, you do not forget that the language and the culture is the same of the people of West Bengal, the people of Tripura and some parts of Assam, and the people of Bangladesh. We are singing the song of Rabindranath Tagore and Qazi Nasrul Islam. We belong to the same culture, same creed and same language. So, I say emphatically that people are going from West Bengal, that is, India to Bangladesh and coming also from Bangladesh to India. This is happening not only at Indo-Bangladesh border, but at all the other borders also. That is not the problem of infiltration. My emphasis is on this point. That is why, the Bengali-speaking people were subjected to harassment and torture in Delhi, Mumbai and other places as they are speaking Bengali and some of them belong to the minority community also.

I want to remind my friends of what is happening in Andhra Pradesh, what is happening in Jharkhand, Maharashtra and Bihar. In all these States, there are taking place the activities of the People"s War Group and MCC who has connection with the Maoist group in Nepal. I want to ask whether they are doing all these activities on the basis of religion or with some communal angle. There is some basic problem also. Do not forget that after the Independence of our country, we are making Golden Jubilee celebrations with charm and in a colourful way. But

it is also a fact that since then, thousands and thousands, lakhs and lakhs of people are living without any bread, without any shelter and without any home. We should consider all these things from the socio-economic point of view.

My esteemed colleague Shri Mohan Singh pointed out correctly that before 1977, naxal activities had spread throughout West Bengal, but after the Left Front came into power in West Bengal, land reforms were implemented and land was distributed among the tillers. The top people had become landless because they had given their land to the tillers and this programme was successfully implemented in West Bengal. As a result of that, naxal activities subsided in West Bengal. Now, I come to Andhra Pradesh. Andhra Pradesh Government sat with the naxal leaders, with leaders of People"s War Group. What did they demand? They demanded that land should be given to the tillers. In all the States - barring West Bengal, Kerala and Tripura - whether it is Jharkhand, Bihar, Orissa or Andhra Pradesh, the big landlords are there and the landless peasantry are not getting any land. There, the programme of giving land to the tiller has not been implemented.

Sir, these activists are not alone. They are getting support from a large number of people. Without the support of the people, they cannot initiate or start all these activities. So, we should pinpoint the main thing behind the problem. Their diagnosis is different and our diagnosis is different. We consider this a socio-economic problem.

In the North-Eastern States, there are so many problems. In Manipur, one problem is of Armed Forces (Special Power) Act. Kangla Fort is under the control of the Army and since long, the people of Manipur have been demanding withdrawal of this draconian law. I say that I am not denigrating the Armed Forces, I am not denigrating the BSF. All the police forces of our country should be strengthened. We have no objection to that. But the attitude of the BSF and other paramilitary forces should be pro-people and they should be fair to the people; otherwise, they cannot subside all these problems.

I remind the hon. Minister that he knows of Manorama episode. Two or three years back, we had visited Manipur. At that time, Manipur was burning. Thereafter, elections took place and popular Government was formed. After that, due to Manorama episode, again Manipur is burning. What happened in Manorama case?

You all are aware that our sisters and mothers are running naked in the streets. It is a sorry and shameful state of

affairs of the civilisation of our country. We should understand that it is not a matter to be solved with the help of arms, or sword is not a solution to deal with these problems. One has to go to the root of the problem to solve these problems of the common people of our country. Otherwise, so many projects can be declared, but they would be of any use.

Three Prime Ministers went to Assam, and they declared so many economic packages for the people of Assam, Manipur, and other North-Eastern States. Many Prime Ministers have also visited Jammu and Kashmir, and have declared so many economic packages to solve their problems. The Government should ensure to solve these basic problems immediately.

I have the utmost respect and regard for our hon. Home Minister. I would request the hon. Home Minister, who is very competent, to please look into the matter from socio-economic point of view, otherwise, we will not be able to combat this problem, and subside it.

SHRI KHARABELA SWAIN : Are you referring to the socio-economic problems?

MR. CHAIRMAN : Shri Ajoy Chakraborty has concluded his speech. Nothing else will go on record.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN : Shri Ajoy Chakraborty has completed his speech. There can be no questions afterwards. Nothing will go on record.

*(Interruptions)**

* Not Recorded

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ) : सभापति जी, आज देश की आंतरिक सुरक्षा पर अहम चर्चा इस सदन में हो रही है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि आज जो यूपीए की सरकार चल रही है और जो पार्टियां इनको समर्थन दे रही हैं, क्या उनका इस देश के साथ संबंध है? जो लोग हमारे नेता मल्होत्रा जी के भााण पर आपत्ति कर रहे थे, जब सीपीएम के सलीम जी बोले और अजय चक्रवर्ती बोले तो एक विाय का बार-बार उन्होंने उल्लेख किया कि बीजेपी के लोग सारी समस्याओं का सांप्रदायिकता के आधार पर आकलन करते हैं। हम एक समाचार आपने सामने रखना चाहते हैं। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी की स्टूडैन्ट्स यूनियन की जनरल काउंसिल की बैठक होती है। उस बैठक में एनएसयूआई की तरफ से एक प्रस्ताव लाया जाता है कि चाइना के मैप में अरुणाचल प्रदेश को नहीं दिखाया जाना चाहिए। उसकी निन्दा करते हुए एक प्रस्ताव कांग्रेस की छात्र संगठन एनएसयूआई लाती है। वामवादी जो जेएनयू में अपना दबदबा रखते हैं, उनके रिजाल्यूशन को 11 वोटों से डिफीट करते हैं। एन्एसयूआई के लोग कहते हैं कि यह तो उनका पुराना चरित्र है, देश-विरोधी चरित्र है। यह खबर "पायनीयर " और "राट्रीय सहारा " में छपी है। ऐसे लोग क्या हमें देश की सुरक्षा के बारे में नसीहत देंगे जो देश के प्रति श्रद्धा और प्रेम नहीं रखते हैं। अगर सब कुछ ठीक चलता है और यह आंतरिक सुरक्षा, नक्सली हिंसा सामाजिक समस्या है तो फिर पश्चिम बंगाल में परिस्थिति कोई खराब नहीं है। 25 साल से ज्यादा समय तक उनका शासन चला है, और पश्चिम बंगाल में कोई परिस्थिति खराब नहीं है, वहां राम-राज्य की प्रतिठा हो चुकी है।

सभापति महोदय, इस सदन में जो चर्चा हो रही है, उसका एक वैचारिक धरातल है, उसका एक आइडियोलॉजिकल बैकग्राउंड है। आज हम आरोप करते हैं कि जो यूपीए सरकार चलती है, उसका यह मल्टी डाइमैन्शनल डिसाइडिंग पॉइंट है, उसकी कोई नीति नहीं है। अजय चक्रवर्ती जी रक्षा मंत्री जी के बयान को उद्धृत कर रहे थे, मैं भी उद्धृत करना चाहता हूँ। दस दिन पहले यहां गृह मंत्री जी बयान दे रहे थे कि यहां बंग्लादेश से इनफिलट्रेशन नहीं, इम्मीग्रेशन हो रहा है। कल भुवनेश्वर में भारत सरकार के रक्षा मंत्री कहते हैं कि इस देश में एक प्रमुख समस्या बंग्लादेश से इनफिलट्रेशन की है। यह प्रतिपादित करता है कि सरकार के दो कैबिनेट मंत्री दो तरह के बयान देते हैं। एक मंत्री सदन में एक प्रकार का बयान देते हैं और दूसरे मंत्री दूसरे प्रकार का बयान देते हैं।

सभापति जी, मेरा इस सरकार पर आरोप है कि यह इंटरनल सिक्योरिटी को केजुअल रूप में लेती है और जिस प्रकार के समझौते कर रही है, वह ठीक नहीं हैं। यह सरकार कश्मीर समस्या पर वैचारिक दृटि से कनफ्यूज है। मैं आपके माध्यम से एक ही प्रश्न पूछना चाहता हूं कि जब विदेश में भारत के प्रधान मंत्री और पाकिस्तान के राट्रपति मिलते हैं, समझौते का प्रस्ताव तैयार करने के लिए जब बात करते हैं, डायलाग का आदान-प्रदान होता तो, भारत की ओर से सीमापार घुसपैठ और क्रॉस बार्डर टैररिज्म का उल्लेख क्यों नहीं किया जाता, इसका जवाब मंत्री जी अपने उत्तर में दें।

सभापति महोदय, मैं एक ही विाय उठाना चाहता हूं ; अगर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी समस्या की समीक्षा सही रूप में सरकार करती है, तो मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं और मुझे आशा है कि वे इसका सही उत्तर देंगे कि क्या वहां के डैमोग्राफिक (Demographic) ग्राफ में 20 सालों में भारी परिवर्तन नहीं आया है ? आज से 20 साल पहले जम्मू रीजन का डैमोग्राफिक (Demographic) ग्राफ क्या था और अब क्या है, इसका उत्तर गृह मंत्री जी अपने बयान में दें।

महोदय, साम्प्रदायिक आधार पर जब कोई बात की जाती है, तो हमारे ऊपर एक ही आरोप हमेशा लगाया जाता है कि हम एक ही सम्प्रदाय विशे की बात करते हैं। यहां बार-बार कांग्रेस की ओर से एक ही प्रश्न उठाया गया कि हमारी सरकार के समय हमारे मंत्री भारत की जेलों में बन्द पाकिस्तानी आतंकवादियों को कंधार छोड़ने गए। मैं बताना चाहता हूं कि यदि सरकार में हिम्मत है, तो वे ऐसा प्रस्ताव पारित करें कि हमने गलती की, तब उसे मालूम होगा। क्या हम देश के लोगों को जिनका ि वमान अपहृत किया गया था, जिनको कंधार ले जाया गया था, क्या उनको मरने के लिए छोड़ देते। इस प्रश्न पर कांग्रेस हमें हमेशा कठघरे में खड़ा करती है, हमेशा हमारी निन्दा करती है। अगर हमने गलती की है, तो वह प्रस्ताव पारित करे और बताए कि वह इसके विरुद्ध है और हमने गलती की है, तब उन्हें पता लगेगा कि इस बारे में देश की क्या भावनाएं हैं।

महोदय, बलिदान का ठेका केवल कांग्रेस ने ही नहीं लिया है। कांग्रेस के लोग क्यों भूल जाते हैं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान कहां हुआ, क्यों हुआ, किन परिस्थितियों में हुआ ? श्री दीनदयाल उपाध्याय एक बहुत बड़े विचारक थे। उनकी हत्या मुगलसराय में की गई थी। इन्हें उनकी याद नहीं आती है। बलिदान पर किसी की मौनोपोली नहीं है।

महोदय, जब हम नक्सलियों के बारे में प्रश्न उठाते हैं, तो कांग्रेस सरकार इसको ला-एंड-आर्डर का प्रश्न बताकर छोड़ देती है। गृह मंत्री नक्सली समस्या से निपटने के लिए आठ राज्यों के मुख्य मंत्रियों की बैठक बुलाते हैं और कहते हैं कि यह एक राज्य की समस्या है। मैं पूछना चाहता हूं, आंध्र प्रदेश के गृह मंत्री बयान दें कि आंध्र ्र ादेश पुलिस की रिपोर्ट क्या है, क्या नक्सलियों के संपर्क आई.एस.आई. के लोगों से नहीं हैं। पुलिस की रिपोर्ट है कि नक्सलियों और आई.एस.आई. एक-दूसरे के

संपर्क में हैं और उनकी नेपाल से लेकर तामिलनाडु तक एक कोरीडोर बनाने की योजना है ?

महोदय, हमें किसी के साथ बातचीत करने में कोई आपत्ति नहीं है, बात करिए। इस देश में 57 साल की आजादी में से 50 साल तक तो आप ही का शासन रहा। अपने शासन काल में आपने बुनियादी समस्या का समाधान नहीं किया, इसलिए यह प्रश्नचिह्न अब खड़ा हुआ है। आप किसी से बात करिए, हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किन शर्तों पर बात होगी, वह देखना चाहिए। कोई कहते हैं कि हम शस्त्र रखकर बात करेंगे, हम आर्म रखकर बात करेंगे, तो क्या ऐसे लोगों से बात करने की अनुमति भारत का संविधान देता है, इस बात को भी ध्यान रखना होगा ? हमारा यह आरोप है कि कांग्रेस की सरकार ने आंध्र प्रदेश में नक्सलियों के साथ वोटों के लिए समझौता किया था। इसीलिए आज वहां बात हो रही है।

महोदय, एन.एस.सी.एन. के साथ कांग्रेस ने बात शुरू की है। जब एन.एस.सी.एन. की बात आती है, तो हम यह पूछना चाहते हैं कि कांग्रेस के उस समय के मुख्य मंत्री जमीर साहब के साथ, खापलांग ग्रुप के क्या संबंध थे, क्या उसके मुखिया जो नगालैंड में रहते थे, उनके साथ संबंध नहीं थे, एन.एस.सी.एन. के साथ इतने दिन के बाद देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बात शुरू की थी। गृह मंत्री जी जब इस चर्चा का उत्तर दें, तब इस बारे में वे हमें बताएं।

सभापति महोदय, इंटरनल प्रॉब्लम को साम्प्रदायिक रूप दे दिया जाता है। एक मित्र कह रहे थे कि पोटा की अगर यह सरकार आलोचना करती है और कहती है कि हम कम्युनल विाय को क्यों उठाते हैं, एक सम्प्रदाय की बात क्यों करते हैं। मैं महाराट्र के बारे में बताना चाहता हूं। पिछले पांच सालों से महाराट्र में कांग्रेस का शासन था। वर्ा 2002 से लेकर वर्ा 2003 के अंदर मुम्बई में, महाराट्र में छः बम-विस्फोट हुए। महाराट्र की पुलिस, कांग्रेस शासन की पुलिस उन्हें पकड़ती है। सारे लश्कर-ए-तोएबा के साथ सम्पर्क रखते हैं । और यह बात किसी से छिपी नहीं है कि किस विाय को लेकर भारत में लश्कर-ए-तोएबा प्रचलित है।

सभापति महोदय, दिल्ली के अंदर ज़ामिया-मिलिया में तीन लोगों को मई, 2002 में पकड़ा जाता है, जिनके पास डिस्ट्राय नेशनलिज़्म एस्टेब्लिशड खिलाफत की एक कैसेट मिलती है।â€¦ (व्यवधान)अगर दुर्भाग्य से कोई विशेा सम्प्रदाय के व्यक्ति इस विाय से जुडते हैं तो क्या उसे नहीं उठाना चाहिए ? देश और सदन के सामने नहीं लाना चाहिए, यह साम्प्रदायिक हो जाता है ? मदरसे के बारे में कहा जाता है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है कि मदरसा खुलता है। यह मदरसा दिल्ली और मुंबई में क्यों नहीं खुलता है, भारत की सीमा पर यह क्यों खोला जाता है ? इसके संबंध में भारत सरकार की रिपोर्ट क्या है, इसका भी सदन के सामने खुलासा किया जाए।â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आईएमडीटी के बारे में कहना चाहता हूं, क्या भारत में दो विधान चलने वाले हैं? भारत में क्यों इमीग्रेशन एक्ट का अलग आईन चलेगा, असम में क्या अलग चलेगा? हम मांग करते हैं कि अगर ऐसे डबल स्टैंडर्ड की पालिसी रहेगी तो देश में इंटरनल सिक्योरिटी की बात सिर्फ एक भााण ही रह जाएगी। हम आपके सामने कहना चाहते हैं कि यह एक पार्टी का विाय नहीं है, सरकार को जो मदद चाहिए, हम देने के लिए तैयार हैं, लेकिन अगर किसी विाय पर कोई आपत्ति उठानी है तो यह हमारे लोकतांत्रिक अधिकार में है। यह साम्प्रदायिक विाय नहीं है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आईएमडीटी एक्ट को रिपील किया जाए । एक मल्टी परपज़ नेशनल आईडेंटिटी कार्ड शुरू किया जाए। अब घुसपैठ एक समस्या है और उसे लोग मानते हैं। गृह राज्य मंत्री जी ने भी स्वयं उसे स्वीकार किया है। जो लोग आर्म्ज़ के साथ बात करना चाहते हैं, देश में किसी के पास भी अनलाइसेंस आर्म्ज़ है तो उसे बैन किया जाए और नक्सली समस्या को डील करने के लिए एक ज्वाइंट कमांड फोर्स तैयार की जाए। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय. हमें कहा गया कि एनडीए छः साल तक सत्ता में रहे, आपने क्यों सीमा पार आतंकवाद के लिए बात नहीं की, बंगलादेशी घूसपैठियों के बारे में क्यों नहीं बात की। हमारी सरकार ने बात की थी, भूटान के साथ बैठ कर भारत सरकार ने बात करके, भूटान की राज सत्ता की सहायता लेते हुए, वहां जाकर हमारे देश ने बगावत करने वाले लोगों को पकड़ा था। ऐसी बात नहीं है कि हम सिर्फ भााण देते हैं।â€¦ (व्यवधान)हम म्यांमार भी पहुंचे थे। इस सरकार को हम इंटरनल सिक्योरिटी के लिए दोबारा आरोप करते हैं। क्रिमीनली केजुअल है, होश में आएं। देश और राट्र की अस्मिता को सुरक्षा दें। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यावाद।

SHRI KIRIP CHALIHA (GUWAHATI): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving us this opportunity to discuss this very important subject, the subject of internal security.

National security, be it internal or external, cannot unfortunately, be a uni-dimensional affair. It cannot be a uni-dimensional affair because security depends upon a huge number of factors. You also got to have an attitude to understand the problems of security.

I thank Ramji Lal Sumanji for he has forwarded his arguments and placed his views in a very constructive, unbiased and non partisan manner. He has been able to speak in a manner due to which situation does not get aggravated. Unfortunately, many of us, because of our very firm, maybe wrong, convictions about ourselves, tend to pass comments which can have detrimental repercussions in many places, especially in places which have high sensitivity, places like the North-East. One's comment in this highest forum of democracy about communities can have repercussions which may lead to aggravation of national security. That is because, national security, as I said, is not a uni-dimensional phenomenon.

Shri Santoshji will agree with me that to build up national security, internal security or external security of the country, सिर्फ पुलिस फोर्स से या मिलिट्री से सिक्योरिटी नहीं बनती है। एक देश की सिक्योरिटी, उसकी शक्ति हजारों सालों से हमारी जो हिस्ट्री है, जो ज्योग्राफीकल सिचुएशंस हैं, हमारे देश की जो सभी चीजें हैं, development, food security, ethnic pride and contradictions, isolation, religious differences, ये सारी बातें सिक्योरिटी को छूती हैं। सिर्फ मिलिट्री या पुलिस से ही सिक्योरिटी नहीं बनती है। यही भूल कभी-कभी लोग करते हैं, जो सोचते हैं कि बड़ी-बड़ी बातें करके if we act in a partisan manner and if we act like great patriots only by critising the present incumbent, we become extremely efficient, then, we distort facts, then, we lose our sense of reality and then our appraisal of national security cannot be realistic and true. After all, as I said, national security cannot be a matter of politicisation. It cannot be a matter for personal interpretation because national security, even internal security for that matter today, has connections with international agencies, international events and global events. हमें बड़ी हंसी आती है, जब लोग अपने छोटे से दायरे में इसे ले जाकर ऐसे-ऐसे इण्टरप्रिटेशन करते हैं, जिसके लिए मैं क्या कहूं। I feel very funny or discouraged. यह

असेम्बली ऑफ क्लैशिंग इण्टरैस्ट नहीं है। Parliament is not an assembly of clashing interests. When we discuss issues like security of nation, when we would talk of defence; when we talk about law and order, and for that matter when we talk about a number of vital problems faced by this country, this is a deliberative assembly where we ought to get together so solve certain problems. यहां पर डिबेटिंग पाइण्ट्स करके या अपने-अपने पोलिटिकल एजेण्डा को लाकर जब डिस्कशंस होते हैं, उसी एजेण्डा के तहत लास्ट 6 महीने से हमारे होम मिनिस्टर साहब के खिलाफ कितनी सारी अफवाहें हैं, कितनी सारी बातें हैं, जैसे कि 6 महीने में सब कुछ बदल सकता है। 6 साल में जो लौह पुरुा हैं, उनको भी हम जानते ह। We have high respect for him. पर लौह पुरुा की एक साध्वी ने एक मीटिंग में जो हालत कर दी है और अभी एक और टी.वी. एक्ट्रैस ने जो हालत की है, वह हमने देखा है। लौह पुरुा पेपर टाइगर बन गये हैं। बी.जे.पी. का जो 6 साल का शासन है, उसे हमने देखा है। We have seen the problems. We have seen the Prime minister of this country very very pitifully giving big dodgers - this is thus far and no further. Brinkmanship cannot be statesmanship.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI GHULAM NABI AZAD): Sir, I have discussed with other colleagues also regarding extending the time of the House up to 7 o" clock and the hon. Minister of Home Affairs will reply tomorrow.

MR. CHAIRMA: Hon. Members, shall we extend the time of the House till 7 o" clock?

...(*Interruptions*)

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : इण्टरनल सिक्योरिटी से इसका क्या सम्बन्ध है?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: So, the time of the House is extended till seven o" clock.

...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह : इस पर कल बहस करवाइये, ताकि जो लोग आज नहीं बोल सके, कल बोल सकें।â€¦ (व्यवधान)

श्री गुलाम नबी आज़ाद : जो आज नहीं आये हैं, अगर वे कल बोलेंगे तो कल सुबह से दोपहर तक चलेगा। कल सुबह 11 बजे आयेंगे तो कहेंगे, अब हम बोलते हैं। जो आज आये हैं, वही बोलें।

MR. CHAIRMAN: No discussion. Nothing will go on record except the speech of Shri Kirip Chaliha.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Chaliha, you can speak, but there should be no discussion between Members.

...(*Interruptions*)

SHRI KIRIP CHALIHA : I am concluding, but my party"s time is there. ...(*Interruptions*)

18.00 hrs.

What many of my friends have said is this. You cannot analyse the internal security problem of this country with a jaundiced eye. I do not like to be an agent of my party when we talk of internal security. I come from North-East. I speak about terrorism in North-East. I have carried the dead bodies of my colleagues who were victims of terrorism. I have fought terrorism on the face of it as a Youth Congress leader. I carried dead bodies. I know what these guns are. Let me tell you about the scenario in the North-East. I compliment the Home Minister repeatedly for this. I think, he is the right man with a right temperament. क्या कहना चाहते हैं कि अगर कहीं ऐक्सट्रीमिज़्म होगा, टैरोरिज़्म होगा, नक्सलाइट की प्रॉबल्म होगी तो आप उनसे बात नहीं करेंगे, अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे? ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude. There are about 15 Members to speak.

...(*Interruptions*)

SHRI KIRIP CHALIHA : I come from North-East. You must give me a chance to speak. ...(*Interruptions*)

SHRI KHARABELA SWAIN : He is using high-sounding words. He has nothing to say. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except what Shri Kirip Chaliha says.

*(Interruptions) â€¦**

SHRI KIRIP CHALIHA : Sir, about the North-East we have a very peaceful negotiation going on now with Naga rebel leaders. The Commander-in-Chief of ULFA who had all along been saying that he would never come for talks,

for the first time, he has sent feelers saying that he is willing to come for talks. For the first time, the NCDFB has come for talks. In spite of all the politicisation by the BJP and the then Defence Minister who did all the negotiations with the insurgents with political motive the Manipur situation has improved. Now, it is back on the rails. And I congratulate the Home Minister for his patience, for his statesmanship about the handling of the situation. What is the harm in talking to naxalites? Do the naxalites not have an ideological base? Is it wrong to talk to naxalites? That is what they say. They want to convert this whole country into areas of naxalities influence. Forty per cent of the districts are today ravaged by the menace of naxalites. Prof. Malhotra was saying that we must apply force. I just remind him what has been said here. He will agree that the use of force is only temporary. It gets subdued for a moment. But it does not remove the necessity of being subdued and the nation is not governed just perpetually to be conquered. Just because you have the Army, just because you have a huge police force, just because people of Manipur or Nagaland or Tripura or the North East are small in number, you do not use this as a solution. Prof. Malhotra will agree that the process of dialogue, the process of understanding small nationalities and their problems and grievances is important. Why should there be politicisation? You are suddenly raking up old issues. One leader from the BJP goes to Assam and politicises the whole situation

* Not Recorded

and once again incites the people. The biggest danger to the nation's security will be if the political divide is carried to an extent whereby all contradictions become a step for instability.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI KIRIP CHALIHA : This is a huge subject and you are not giving me the permission to speak. I thank you for all the opportunity you have given me to speak.

SHRI BAJU BAN RIYAN (TRIPURA EAST): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to participate on this important subject.

Today, we are discussing the problems of international security in the country. We should find out the root cause of this problem. Many speakers have highlighted the main causes of this problem. I would also like to highlight some of the main problems concerning the internal security. Most of them, who are indulged in these separatist and extremist activities, are the Indians and they all belong to the poorer sections of our country. If I may say correctly, most of them are the downtrodden people belonging to the Scheduled Tribes community, backward communities and the economically weaker sections of our country, and they are all taking the help from our neighbour countries.

18.06 hrs. (Shri Pawan Kumar Bansal *in the Chair*)

Sir, in this way, the States which are having the international borders with them are the worst affected by these separatist and extremist activities. The States like Jammu and Kashmir, the entire North-Eastern States and Uttar Pradesh are all facing this problem. To guard our borders, the Government has created para-military forces like Border Security Force and CRPF. But this is not enough. Fencing of our borders would be one of the effective methods to curb this problem. But the work is going on at a very slow pace. The decision had been taken to fence all the borders of the entire North-East. The work has started also, but the progress is very slow. There are some new problems there. The Bangladesh Government is not agreeing to fence it at the Zero Point. Our Government has agreed to have it at 150 kms away from the Zero Point border. Here, lakhs of small cultivators, small land owners are on the verge of losing their land, as it has all gone under the zone of fencing. There is some announcement that some time, the border would be opened and they can go to work there. But this is not enough. Therefore, I would suggest a solution to the Government that, if it is possible, they should compensate for all those lands that are coming in the way of fencing. This would be a very good solution. Otherwise, those cultivators, small land owners are bound to suffer.

Sir, my next point is that these extremist and separatist groups are getting arms and ammunitions from outside. These activities started in our country some 25 to 30 years ago. At that time, they were using muzzle-loaded pipe guns. But now, they are getting semi-automatic weapons and sophisticated weapons. They are getting them through Bangladesh and some of our other neighbouring countries. In smuggling these sophisticated arms, our neighbouring countries are helping these groups. I would, therefore, request the UPA Government to talk to our neighbouring countries and see that they should stop all these arms smuggling to our country.

Sir, I think, it is known to the Government that almost all these groups, outfits have camps going on in our neighbouring countries. Some camps are being operated in Bangladesh, Myanmar and Pakistan. So, we should try to exert some pressure on the neighbouring countries to see that they stop helping these extremist groups working

in our country. Rather, these countries should help us in curbing these extremist activities.

Sir, we should also continue our dialogues with these extremists groups. Political solution is the best solution.

In Mizoram also, earlier a lot of violence was taking place.

A lot of killings had taken place but now there is not such type of extremist activities. Wherever these extremists are there, we should continue to have a dialogue with them so as to find a solution to the problem.

It is a very sorry state of affairs that some of the leading political parties in our country have links with these extremists. I can say this with regard to both the BJP and the main ruling Party, Congress. Especially, in my State, during the last Assembly elections, which were held on 27th February, 2003, the Assembly seats were divided amongst the extremists for INPT and Congress. After one year there were another parliamentary elections, the last parliamentary elections, in which the BJP which was at that time in power at the Centre, officially took help from the extremist INPT forces. So, I request that the main leading ruling Parties should not indulge in such activities as it gives encouragement to these extremist forces.

Sometimes, during encounters these extremist forces are getting killed by the paramilitary forces. But in these encounters civilians are also sometimes getting killed. My request is, such civilians who are being killed in cross fires should be duly compensated as it is a big loss for the poor families.

In the month of May next year, Autonomous District Council elections will be held in Tripura. We are afraid that the main Opposition Party, Congress will again align with these extremist forces. I warn the Government that if it will be so - the UPA Government at the Centre, which is being run with our support − we will review our decision taking that into consideration.

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति जी, रामजीलाल सुमन जी द्वारा आन्तरिक सुरक्षा की जो चर्चा उठाई गई है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा है। सभी माननीय सदस्यों ने अपने-अपने शब्दों में चिंता ज़ाहिर की है। हम भी उनकी चिंता से अपने को सम्बद्ध करके अपनी बात आगे रखना चाहते हैं।

यह नयी सरकार बनी है, तब से यह समस्या आई है और इसलिए ऐसी चर्चा आयी है, ऐसी बात नहीं है। इस प्रकार की चर्चा पिछले सत्रों में भी चलती रही है और इस सत्र में भी प्रश्न और शून्यकाल के माध्यम से हम लोगों ने चर्चा उठाई है। हम यह महसूस करते हैं कि देश भी चिंतित है और सरकार भी निश्चित तौर पर चिंतित होगी कि इस समस्या का समाधान कैसे ढूंढ़ा जाए ? **जो आन्तरिक सुरक्षा का सवाल है, इसका एक कारण हम नहीं मानते। यह बात ठीक है कि हमारे जो कुछ पड़ौसी देश हैं, उनकी तरफ से हमारे देश में उथल-पुथल मचाने के लिए एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। आतंकवादी घटना की वजह से जम्मू-कश्मीर ही प्रभावित नहीं है बल्कि कोई घटना घटती है तो सारा देश प्रभावित हो जाता है।**

अब तो जम्मू-कश्मीर से बढ़कर देश के अन्य भागों में ये ताकतें अपना सिर उठाने लगी हैं और इसके लिए कोई उदाहरण देने की जरूरत नहीं है। जहां हम लोग खड़े हैं और बैठे हैं, वे उसके भुक्तभोगी हैं, क्योंकि यहां भी उनका हमला हो चुका है.

सेना में कटौती की चर्चा चल रही है। हमारे जैसे लोग उससे चिंतित हैं। चिंतित इस बात से हैं कि एक सवाल के उत्तर में गृह मंत्री जी का बयान आया, जिसकी चर्चा हो चुकी है, मैं उस पर ज्यादा नहीं कहूंगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की घटनाओं में कमी हो रही है। इन्होंने आतंकवादियों को भाई के समान देखने की बात भी लोक सभा में कही थी। दूसरी तरफ अखबारों में छपा और अन्य स्रोतों से जो जानकारियां हमें मिल रही हैं, जो रक्षा मंत्री जी के बयान आए हैं, उनसे लगता है कि आतंकवादी फिर यहां घुसने के लिए अपना ठौर-ठिकाना ढूंढ़ रहे हैं कि किस रास्ते से प्रवेश करें। ये दो तरह की बातें हो जाती हैं। पता नहीं गृह मंत्री जी किसको अपने भाई के रूप में स्वीकार करते हैं। क्या उन लोगों को अपना भाई स्वीकार करते हैं जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में माताओं और बहनों की इज्जत और अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया है ? क्या उनको वह भाई मानना चाहते हैं, जिन्होंने सेना के जवानों पर जुल्म ढहाकर वहां जश्न मनाने का काम किया है या उन आतंकवादियों को भाई बनाना चाहते हैं जो हमारे देश में उथल-पुथल मचाकर देश की अस्मिता पर खतरा पैदा करना चाहते हैं ?

गृह मंत्री (श्री शिवराज वि. पाटील) : आपने सवाल किया है इसलिए मैं जवाब देना चाहता हूं। हम उन लोगों को अपना भाई समझते हैं जो भूख से, बेकारी से या घर नहीं होने की वजह से या आर्थिक वजह से या फिर दूसरों के जुल्म की वजह से गुस्से में आकर हथियार लेकर निकलते हैं। उन्हें समझाने की जरूरत है, ऐसा हम मानते हैं।

श्री खारबेल स्वाईं : हमारे राज्य में करीब 37 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे है...(व्यवधान)... (कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

MR. CHAIRMAN : That will not go on record.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is not going on record. Mr. Swain, I am requesting you to please cooperate.

*(Interruptions)**

MR. CHAIRMAN: This will not go on record. हमें समय का ध्यान रखना है। सिर्फ जो बात प्रभुनाथ सिंह जी कहेंगे वही बात रिकार्ड में जाएगी।

â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I would request you to please cooperate.

â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप जो बोल रहे हैं, वह रिकार्ड में नहीं जा रहा है। हमारे पास समय कम है।

श्री शिवराज वि. पाटील : तो क्या उन लोगों को गोली मार देंगे, उनको समझाना होगा।â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The Minister has the right to intervene. हमें इसे आज खत्म करना है आपके साथी भी बोलना चाहते हैं। वे ज्यादा से ज्यादा अपनी बात कह सकते हैं। उस वक्त जो कहना है वह कहें।

â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : उन्होंने कंसीड किया था उन्होंने बात कही है, आप क्यों उत्तेजित हो रहे हैं। जब आपका मौका आएगा, तब आप अपनी बात कहना।

.....

* Not Recorded

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : सभापति महोदय, गृह मंत्री जी ने जो कहा है, हम उन लोगों की चर्चा कर रहे हैं जो सुनोयिजत ाडयंत्र के शिकार होकर भारत में उथल-पुथल मचाना चाहते हैं। मैं उस चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहना चाहता हूं कि गृह मंत्री जी वार्ता के खिलाफ मैं भी नहीं हूं, कोई भी नहीं है। जब आपसे पहले की सरकार थी, जिसके अगुवा माननीय अटल जी थे, जो बस से लाहौर गए थे, जिसका स्वागत सबने किया था, आपने भी किया था। सब चाहते हैं कि वार्ता से समस्या का समाधान हो। लेकिन एक बात मैं बताना चाहता हूं कि दुश्मन दोस्त तीन परिस्थितियों में बनता है। एक वह परिस्थिति होती है, जब उसकी नीयत साफ हो जाती है और फिर वह दोस्ती का हाथ बढ़ाता है। दूसरी परिस्थिति वह होती है जब वह महसूस करता है कि हम इतने कमजोर हो गए कि हम लड़ने की स्थिति में नहीं है। तीसरी परिस्थिति वह होती है जब वह चाहता है कि विश्वास में लेकर इनको धोखा दे। आप उनकी नीयत परखें। आपके पास बहुत सी एजेंसीज हैं। उनके माध्यम से पता करें, ढूंढिए कि आखिर उनकी नीयत क्या है। अगर उनकी नीयत साफ है तो आप वार्ता के माध्यम से देश में अमन-चैन ला दें, तो उससे बड़ा खुशहाली का दिन देश में कोई नहीं हो सकता। हम आपको शुभकामनाएं देते हैं कि आप आगे कदम बढ़ाएं। लेकिन यह कहते हैं कि आप सावधान रहें। सावधान उन लोगों से रहें जो आपको विश्वास में लेकर धोखा देना चाहते हैं, तो वहां गृह मंत्री जी आतंकवादियों से लड़ने के सिवा, हथियार के सिवा कोई रास्ता नहीं बचता है। आप अपने सैन्य बल को मजबूत करें, ताकि वे उनका मुकाबला कर सकें।

हम यह भी मानते हैं कि देश की बढ़ती हुई आबादी, रोजगार का घटना, बेरोजगारी का घटना, आतंकवाद की घटनाओं के लिए कारण नहीं बन रहे हैं। लेकिन नक्सल वाद की घटना में ये कारण जरूर बन रहे हैं। आतंकवाद की जो घटनाएं इस देश में घट रही हैं वे सुनियोजित ढंग से बढ़ रही हैं। दुनिया का दादा देश अमरीका की नीयत भारत के प्रति बड़ी खराब है। जिन दिनों हम सरकारी पक्ष में बैठा करते थे उन दिनों भी हम कहा करते थे कि भारत की बढ़ती हुई शक्ति से अमरीका अंदर ही अंदर चिंतित है। पड़ोसी देश को आर्थिक सहायता और हथियारों की मदद करके वह उनका इस्तेमाल आपके देश में करवाता है। आपके पड़ोस में जो नेपाल है वह आईएसआई का अड्डा बना हुआ है जहां रेडियो, टेलीविजन के द्वारा भारत के खिलाफ प्रचार किया जाता है और वहां से जाली रुपया भेजकर भारत की अर्थव्यवस्था को तोड़ने का प्रयास भी चलता है। अगर आप अपनी खुफिया एजेंसियों को लगाएंगे तो आपको इन सब बातों का पता चलेगा। नेपाल की सीमा उत्तर प्रदेश और बिहार से लगी हुई है। हम बिहार के रहने वाले हैं, इसलिए हमें वहां की कुछ बातों की जानकारी रहती है। इसलिए हम बताना चाहते हैं कि उन सब इलाकों को देखने का कार्य कीजिए।â€¦ (व्यवधान)नक्सलवाद की जहां तक बात है तो देश के आधे राज्य इससे प्रभावित हो चुके हैं। नक्सलवाद की घटना को विधि-व्यवस्था की घटना के साथ जोड़कर नहीं लिया जा सकता है। नक्सलवाद की घटना में कहीं जाति के नाम पर, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर जो घटनाएं घट रही हैं, आर्थिक तंगी उसका एक बड़ा कारण है। हम लोग भी उससे प्रभावित हैं। नेपाल से माओवादी बिहार के जहानाबाद, औरंगाबाद इलाकों में तथा और चार-पांच जिलों में पैदल ही नहर के रास्ते कंधे पर हथियार टांगकर आते हैं और घटनाएं करके फिर नेपाल चले जाते हैं। पुलिस की हिम्मत उनके सामने आने की नहीं होती है। बिहार सरकार वहां कुछ नहीं कर पाती है। जब लोक सभा में इन सवालों को उठाया जाता है तो कहा जाता है कि यह राज्य का मामला है। इन सवालों को आप राज्य का कहकर टाल नहीं सकते हैं। राज्य भी तो देश के अंदर ही आता है। जब आप महसूस करते हैं कि राज्य उन सब चीजों से मुकाबला करने में सक्षम नहीं है तो केन्द्र को पहल करनी चाहिए। कई राज्यों में अजीब घटनाएं घट रही हैं। चिट्ठी भेज दी जाती है कि दस लाख रुपया भेज दो । ऐसा अभी बिहार में एक डाक्टर के साथ हुआ। उसकी हत्या कर दी गयी और हत्यारे खुले आम कहते हैं कि हमने हत्या करवाई है। हमें पैसा चाहिए क्योंकि हम चुनाव लड़ना चाहते हैं। हमें आर्थिक मदद कीजिए। पैसा नहीं दोगे तो सब डाक्टर्स को हम मार देंगे। इस मसले पर पूरा बिहार बंद रहा और अखबारों में इस घटना की खबर छपी। अखबार में खबर छपी की 65 आदमी चिकित्सा के अभाव में मारे गये लेकिन यह तो शहर का आंकड़ा है, जो गांव में चिकित्सा के अभाव में मरे, उनकी संख्या की गिनती नहीं है। चिकित्सक हड़ताल पर रहे और उनके कारण कितने मरे, उनकी संख्या की गिनती नहीं है। इसमें सम्पन्न लोग नहीं मरे क्योंकि वे तो शहर में इलाज कराते हैं, लेकिन गांव में जो मरे, वे गरीब लोग थे, जिनके पास पैसा नहीं है। इन सब चीजों को राज्य की, विधि-व्यवस्था की चीज कहकर टाला नहीं जाना चाहिए। मेरे कहने पर आप विश्वास मत कीजिए और अपनी एजेंसियों से आप पता करवा लीजिए। हम यह भी नहीं कहते हैं कि राज्य सरकार से टकराव लेकर ऐसा कीजिए। राज्य सरकार से सहायता लेकर और इसे देश की समस्या मानकर इसका समाधान निकालिये। वहां अमन-चैन नहीं है। वहां पर अगर बच्चा स्कूल जाता है तो मां किडनैप हो जाती है और अगर मां बच्चे को स्कूल लेने जाती है तो बच्चा किडनैप हो जाता है। लोगों को विश्वास हो गया है कि वे इस राज्य में सुरक्षित नहीं हैं। हम घर से बाहर नहीं जा सकते, बाजार नहीं जा सकते, सगे संबंधियों के घर जाते हैं तो हत्या होती है। वहां अमन-चैन समाप्त हो चुका है।

मल्होत्रा जी ने बांग्लादेश के घुसपैठियों का सवाल उठाया। हम मानते हैं कि वह भी एक समस्या है। 6 साल तक हमारी सरकार थी। हमने इसमें कितनी पहल की

और कितनी सफलता पायी, यह भी हमारे साथियों को बताना चाहिए लेकिन इसका यह मतलब नहीं यदि हमने सफलता नहीं पायी तो नई सरकार इसमें पहल नहीं करेगी। यदि बांग्लादेश के घुसपैठियों या दूसरे विदेशियों के कारण देश में समस्या पैदा होती है तो उसमें पहल करनी चाहिए और पहल करके इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

मदरसों की चर्चा चलती है। हम यह बात नहीं मानते कि हर मदरसों में आईएसआई की भूमिका है या दूसरा कोई प्रशिक्षण दिया जाता है लेकिन बॉर्डर इलाकों में 1-2 जगहों से ऐसी सूचना मिलती है। इसमें कितनी सच्चाई है मैं कह नहीं सकता लेकिन आम चर्चा है - जैसे बेतिया का इलाका है, आप वहां खुफिया तंत्र लगाइए और इसे दिखवाइए। अगर ऐसा होता हो तो उसे रोकना चाहिए। मदरसे तालीम की चीज है। हमारे यहां देहाती इलाकों में मदरसे हैं जहां बच्चों को तालीम मिलती है। वहां आईएसआई की कोई गतिविधियां नहीं चल रही है और न ही विदेशी पूंजी लगी है लेकिन बेतिया जो नेपाल से सटा बॉर्डर इलाका है, वहां से सूचना मिल रही है कि वहां ऐसी घटनाएं घटती हैं। आप इन पर निगरानी करवा दीजिए। अगर ऐसा हो तो रोकिए क्योंकि देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला है। गृह मंत्री जी, कुछ घटनाएं ऐसी घटती हैं जिन को हाई लाइट किया जाता है। जब अपराधी अपनी तस्वीर टेलिविजन में देखता है और अखबार में मोटे-मोटे अक्षरों में देखता है तो उसका मनोबल बढ़ता है। वह सोचता है कि अगर इससे भी बड़ा अपराध करेंगे तो और बड़े अक्षरों में छपेगा। जो चीजें समाचार में लाने लायक हैं, उन्हें ही लाना चाहिए। जिन चीजों को समाचार में लाने से देश की आंतरिक सुरक्षा पर खतरा महसूस होता हो, उन चीजों पर रोक लगाने की जरूरत है। इस संबंध में मीडिया के लोगों से बातचीत करके कहना चाहिए कि कुछ ऐसी बातें है जो टेलीविजन और अखबार में लाने से समस्या को बढ़ावा मिलेगा, समस्या घटेगी नहीं, उसे वंचित रखा जाए।

सभापति जी, आप मेरी तरफ देख रहे हैं, इसलिए एक बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा। आज आपके उत्तर का पूरे देश को इंतजार है। टीवी पर आ रहा है कि सदन में आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा हो रही है। देश की जनता यह जानना चाहती है कि गृह मंत्री जी बताएंगे कि उन्होंने देश के एक-एक व्यक्ति को सुरक्षित रखने की क्या तकनीक अपनायी है, क्या व्यवस्था की है, क्या नया फार्मूला निकाला है? हम चाहेंगे कि कल जब आप जवाब दें तो अपने जवाब के माध्यम से देश की जनता को यह बता कर निश्चिन्त करें कि वे सुरक्षित हैं, उनकी सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए हैं। हमें आशा है कि यदि आप कहेंगे तो इस पर अमल भी करेंगे और आपके कल के जवाब के बाद देश की जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करते हुए आपको धन्यवाद देते हैं।

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : माननीय सभापति महोदय, आंतरिक सुरक्षा के संबंध में यह सदन नियम 193 के अन्तर्गत चर्चा कर रहा है। अनेक माननीय सदस्यों ने विशेा करके श्री रामजीलाल सुमन, श्री मोहन सिंह और अन्य सदस्यों ने इसके बारे में विस्तार से बताया। मुझे मालूम है कि मेरा समय कम है और मुझे उतने विस्तार से बोलने का अवसर नहीं मिलेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह विाय दो घंटे-तीन घंटे तक भी चर्चा करते रहो तो भी समय बहुत कम है। इस पर चर्चा करने के लिए ज्यादा समय की आवश्यकता है।

अनेक माननीय सदस्यों ने कहा कि देश में आंतरिक सुरक्षा पर जो खतरा है, उसके कुछ कारण हैं। उन कारणों में उन्होंने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जातीयता, सीमावाद और क्षेत्रवाद की चर्चा की लेकिन इसके अतिरिक्त दो पहलू हैं - एक यह है कि देश की आजादी के बाद निरन्तर देश प्रेम की भावना कुछ लोगों में कम होती जा रही है।

मैं सब लोगो के बारे में नहीं कह रहा हूं। जिस प्रकार देश की आजादी की लड़ाई लड़ने के लिये अमीर-गरीब, ऊंच-नीच या धर्म का भेदभाव किये लोग मिलकर आगे बढ़ते थे, आज वह भावना दिखाई नहीं देती है। आज उसका कारण आर्थिक स्थिति खराब होना, बेरोज़गारी, भुखमरी बताया जाता है। वैसे देश की आजादी के पहले भी ये कारण थे लेकिन सब लोग - जिनके तन पर कपड़ा नहीं था, पेट में अन्न का दाना नहीं था, वे भी भारत माता की जय और वन्दे मातरम् बोलते हुये देश की आजादी के संघा में कूद पड़े। आज उस प्रकार की भावना का अभाव है। इस भावना में निरंतर बढ़ोत्तरी होती जा रही है। मेरे कहने का अर्थ यह है कि देश की आजादी के पहले लोगो में समर्पण की भावना, सर्वोच्च न्यौछावर करने की भावना या देश-प्रेम से ओत-प्रोत भावना बहुत ज्यादा थी लेकिन आज उस में कमी आ रही है। उसका कारण यह है कि बहुत सारे लोग देश में रहते हुये भी देश से अलगवादी होते जा रहे हैं। इसका एक पहलू यह भी है कि जो बात कुछ माननीय सदस्यों ने नहीं कही, मैं उसे कहना चाहता हूं। जो पहलू पहले उल्लिखित हो चुके हैं, मैं उन्हें दोहराना नहीं चाहूंगा।

सभापति महोदय, एक बात यह है कि संविधान के कुछ अनुच्छेद ऐसे हैं, जिनके तारतम्य में कानून बने हैं। अनुच्छेद की खामियों के कारण कानून में कुछ ऐसे प्रावधान हैं जिनके कारण अलगाववादी स्थिति पैदा हुई है। इससे आतंकवाद की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। उस खतरे में निरंतर वृद्धि हो रही है। उदाहरण के तौर पर मैं बताना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 के अंतर्गत कुछ राज्यों को विशेा अधिकार मिले हुये हैं। इनमें मिजोरम,नागालैंड, मणिपुर शामिल हैं। अन्यान्य अनुच्छेद-2 में ए.बी.सी.डी. जोड़कर उन्हें कुछ विशेा अधिकार दे दिये गये हैं। इससे भी देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। संविधान की धारा-370 के अंतर्गत जम्मू कश्मीर राज्य को कुछ विशेा अधिकार दे दिये गये हैं। अगर भारतीय संसद कोई कानून पास करती है, तो जब तक वहां की विधान सभा उसके लिये सहमति नहीं देती, वह कानून लागू नहीं होता है।

18.32 hrs. (Mr. Deputy Speaker in the chair)

अगर माननीय गृह मंत्री जी या मैं या कोई और व्यक्ति जम्मू कश्मीर में रहना चाहे. जमीन खरीदना चाहे या वोटर लिस्ट में नाम लिखवाना चाहे या चुनाव लडना चाहे तो वह अधिकार उसे नहीं मिल सकता, जबकि कहा यही जाता है कि देश के किसी भी राज्य में भारत के नागरिक को रहने का अधिकार है। संविधान के अनुसार सभी राज्य भारत के अभिन्न अंग हैं लेकिन कई राज्यों को संविधान के अनुसार विशेा अधिकार दिये गये हैं । इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अघोाित युद्ध छेड़ रखा है। वहां के लोग जम्मू कश्मीर के लोगों को मार-मार कर बाहर कर देते हैं और बाहर होने पर वहां निरंतर ि वदेशी घुसपैठ में वृद्धि होती जा रही है। उन घटनाओं का प्रभाव जम्मू कश्मीर पर इतना हो गया है कि कोई साहस नहीं कर पाता। इसलिये वहां लोग परेशान हैं। इसी प्रकार की स्थिति पूर्वोत्तर राज्यों की भी है। एक तरफ पाकिस्तान की सीमा को सील कर दिया गया और कांटेदार बाढ़ लगा दी गई है लेकिन दूसरी तरफ बांग्लादेश की सीमा इतनी अधिक है कि उस दिशा में सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है। मैं इसके लिये किसी सरकार विशेा को दोा नहीं देना चाहूंगा क्योंकि कोई कार्यवाही नहीं होने से घुसपैठ नहीं रुकी। देश की आजादी के बाद जितनी सरकारें रही हैं, जो कारगर कदम उठाये जाने की आवश्यकता थी, उसका प्रयास सक्रियता से नहीं किया गया। इस कारण भी लोग परेशान होते जा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बात को कहा है कि जो बंगलादेश से विदेशी घुसपैठिये आ रहे हैं, यह एक गंभीर समस्या है और इस दिशा में कुछ न कुछ कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इस सरकार के माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वह इस दिशा में सक्रिय और कारगर पहल करें।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण नहीं है। हम नारा लगाते हैं -

"हम दो हमारे दो" परंतु इसका कहीं भी पालन नहीं होता है। समान नागरिक कानून बनाने की आवश्यकता है, लेकिन वह नहीं बनाया गया है। यह भी एक कारण है। हिंदुओं के लिए कानून बना दिया कि एक ही शादी करेगा। अच्छी बात है, हम उसे स्वीकार करते हैं। रूढ़िवादिता को त्यागना चाहिए, उसमें सुधार करना चाहिए। परंतु हमारे यहां एक नहीं अनेकों ऐसे उदाहरण मिलते हैं कि यहां के राजा-महाराजाओं तथा अनेक लोगों ने एक नहीं, अनेक शादिया की थीं। फिर दूसरे वर्ग के लिए दूसरी शादी करने की छूट क्यों है। यह धर्मनिरपेक्ष राज्य है, यह सेक्युलर देश है। लेकिन समान नागरिक कानून न होने के कारण हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा को दैनंदिन खतरा पैदा होता जा रहा है। इसमें भी सुधार की आवश्यकता है। इसके साथ ही पड़ौसी देश पाकिस्तान और बंगलादेश से हमारी आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए एक नहीं अनेकों प्रकार की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। चाहे फिर वह आई.एस.आई. हो या सिमी की गतिविधियां हो। बंगलादेश में उनके अड्डे भी पाये

गये हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैंने और माननीय मोहन सिंह जी ने सात दिसम्बर को एक प्रश्न पूछा था। उस प्रश्न के जवाब में माननीय गृह मंत्री, श्री शिवराज पाटील ने कहा है - बंगलादेश में भारत के विद्रोही ग्रुपों की गतिविधियों के शिविरों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त हुई है। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि पाक आई.एस.आई. पूर्वोत्तर के उग्र वादियों को सामग्री और संचार तंत्र में सहायता प्रदान कर रही है। हमने प्रश्न में यह भी पूछा था कि वे लोग अगर यह कर रहे हैं तो सरकार उन्हें रोकने के लिए क्या कार्रवाई कर रही है। उसका उत्तर उन्होंने नहीं दिया है। फिर हमने यह पूछा था...

उपाध्यक्ष महोदय : गेहलोत जी, आप कंक्लूड करे।

श्री थावरचंद गेहलोत : आपने सदन का एक घंटा बढ़ाया है। उस हिसाब से हमारी पार्टी के बीस मिनट बढ़ते हैं और बीस मिनट बढ़ने के बाद हमारी पार्टी से मेरे अलावा एक माननीय सदस्य को और बोलना हैâ€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : बोलने वाले बहुत लोग हैं, इसलिए मैं आपसे कह रहा हूं।

श्री पवन कुमार बंसल : आपकी पार्टी ने पहले ही कितना समय ले लिया है।â€¦ (व्यवधान)बहुत वक्त हो चुका है।

श्री थावरचंद गेहलोत : जब हमने यह पूछा तो उसका कोई जवाब नहीं दिया। जब हमने उनसे उनके दौरे के ब्यौरे के बारे में पूछा तो उसके बारे में भी उन्होंने जानकारी नहीं दी। आज पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से ज्यादा स्थिति खराब होती जा रही है। नगालैंड में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने की कार्यवाही की गई।â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वि. पाटील : आप इधर से बोल रहे हैं और मैं यहां बैठा हूं। आप कह रहे हैं कि आपने यह पूछा, मैं जानना चाहता हूं कि यह आपने कब पूछा?

श्री थावरचंद गेहलोत : मैं आपको सात दिसम्बर के प्रश्नोत्तर का हवाला देकर बता रहा हूं।

श्री शिवराज वि. पाटील : अगर वह लिखित में हैं तो आप उसे पढ़कर बताइये।

श्री थावरचंद गेहलोत : मैंने पहले ही कहा था कि मैंने और मोहन सिंह जी ने सात दिसम्बर को प्रश्न किया था, यह उसके उत्तर का रेफरेंस है।

श्री शिवराज वि. पाटील : कोई प्रश्न जो लिखित रूप में पूछा जाता है, उसका जवाब लिखित रूप में दिया जाता है, मौखिक रूप से नहीं दिया जाता है।

श्री थावरचंद गेहलोत : लिखित रूप में जो पूछा था, आपने नहीं बताया, वही मैं बता रहा हूं।

श्री शिवराज वि. पाटील : बताइये, उसका क्या जवाब दिया। यह सदन लोगों को मालूमात देने के लिए है, लोगों को बहकाने के लिए नहीं है।

श्री थावरचंद गेहलोत : यह बात सही है, लेकिन मैंने आपको पढ़कर सुनाया है।â€¦ (व्यवधान)**मैं आपको फिर से पढ़कर सुना देता हूं।**

श्री शिवराज वि. पाटील : इसका उत्तर क्या है।

श्री थावरचंद गेहलोत : केवल उत्तर ही पढ़कर सुनाऊ या प्रश्न भी पढ़कर सुनाऊं।

श्री शिवराज वि. पाटील : दोनों पढ़कर सुनाइये।

SHRI THAWAR CHAND GEHLOT : The reply given to (e) and (f) parts of the question is:

> "Reports have been received about activities and camps of Indian insurgent groups inside Bangladesh. Reports also indicate that the Pak, ISI is providing materials and logistic support to the North Eastern militants."

यह आपका जवाब है, प्रश्न का हिस्सा भी आप कहें तो मैं आपको पढ़कर सुना देता हूं। प्रश्न यहां रखा है, मैं वह भी पढ़कर सुना देता हूं। मैंने उसे यहां रख दिया है, अब उसे निकालना पड़ेगा।

श्री शिवराज वि. पाटील : मैं आपको बताता हूँ कि हमारे सैक्रेटरीज बात करते हैं, मिनिस्टर बात करते हैं, प्रधान मंत्री बात करते हैं, सार्क में बात करते हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है, उसका जवाब देने में।

श्री थावरचंद गेहलोत : यह कागज़ मैंने फाड़ दिया था, फिर पढ़कर सुना रहा हूँ। यह तारांकित प्रश्न संख्या 83, दिनांक 7.12.2004 का है। मैं प्रश्न पढ़ देता हूँ। â€¦ (व्यवधान)मंत्री जी कह रहे हैं कि पढ़कर सुनाओ तो मैं बता रहा हूँ कि मैंने तो कागज़ फाड़कर फेंक दिया था। मैंने उनको उत्तर सुना दिया था। अब वह कह रहे हैं कि प्रश्न बताओ तो मैं सुना रहा हूँ।

श्री शिवराज वि. पाटील : मैं कह रहा हूँ कि जो आप कह रहे हैं, वह बहकाने वाली बात हो रही है।

श्री थावरचंद गेहलोत : बहकाने वाली बात नहीं है। जो प्रश्न मैंने पूछा, उसका उत्तर पढ़कर सुनाया है। उसके बाद आप कहें तो मैं प्रश्न पढ़कर सुना देता हूँ।

श्री शिवराज वि. पाटील : आपने कहा कि मैं पढ़कर सुनाऊंगा, तो मैंने कहा कि पढ़कर सुनाइए। â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Without my permission, nothing should be recorded.

(Interruptions) *

श्री थावरचंद गेहलोत : उपाध्यक्ष महोदय, आज मणिपुर में कुछ लोग स्कूलों में छात्रों को हिन्दी पढ़ने से रोक रहे हैं, एन.सी.सी. में जाने से रोक रहे हैं। उनको

आतंकवादी संगठनों और अंडरग्राउंड संगठनों द्वारा धौंस दी जा रही है कि अगर आप हिन्दी पढ़ेंगे, एनसीसी में भाग लेंगे तो मार दिये जाएंगे। इस प्रकार की स्थिति पैदा हो गई है। कुल मिलाकर मैं कह सकता हूँ कि वहां विकास कार्यों के लिए सरकार पैसा देती है पर विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। वहां के ठेकेदारों से, अधिकारियों को बोलकर चैक दिलवाए जाते हैं, चैक के बदले अंडरग्राउंड संस्थाओं के लिए 10-15 परसेंट धनराशि वसूल की जाती है और चैक बाउंस हो जाते हैं। उन्होंने हाई कोर्ट में रिट लगाई, मणिपुर की सरकार से मांग की कि कार्रवाई करो, हाई कोर्ट ने ऐसे निर्देश दिये हैं। मैंने भी प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखा है। आपको भी मैं पत्र की कापी और अलग से पत्र भेज दूंगा और चाहूँगा कि आप भी कार्रवाई करेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा।

मैं इस समय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि मैंने जो बिन्दु उठाए हैं, आप अगर देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना चाहते हैं तो जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने का काम करें, समान नागरिक संहिता लागू करें, धारा 370 समाप्त करें, मल्टी परपज़ परिचय पत्र बनाकर बंग्लादेश से जो घुसपैठिये आ रहे हैं, उधर म्यांमार से आ रहे हैं, ऐसी व्यवस्था करें कि वहां तार की बाड़ लगे, घुसपैठिये नहीं घुसें और वे आकर देश की अर्थव्यवस्था को न बिगाड़ें और पूर्वोत्तर राज्यों में गड़बड़ न कर सकें। इस प्रकार का कानून बनाने का काम आप करेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा। नहीं तो माननीय कहते रहेंगे कि आपकी सरकार ने क्या किया और आप कहेंगे कि उन्होंने क्या किया। मैं कहना चाहता हूँ कि देश की आज़ादी के बाद 50 सालों तक जिन लोगों ने राज किया है, उसमें अगर आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ है तो सबसे ज्यादा दोषी अगर कोई है तो वे हैं। उसके बाद अगर आप किसी को गिनना चाहें तो उसके पहले जो सरकार थी, वह भी दोषी है परंतु पिछली सरकार ने यदि कोई गलती की है तो ज़रूरी नहीं है कि वही गलतियां आप भी करें। आपके पूर्व पार्टी ने कोई गलतियां कीं तो आप भी उन्हें दोहराएं, इसकी **आवश्यकता नहीं है। उदाहरण के लिए मैं कह सकता हूँ कि यह राजनैतिक समस्या भी है। राजनीति में वोट की खातिर इस प्रकार की संस्थाओं को जो बढ़ावा देने का काम पिछली सरकारों में हुआ है, वह नहीं होना चाहिए। â€¦** (व्यवधान)

* Not Recorded

SHRIMATI TEJASWINI SEE RAMESH (KANAKAPURA): Sir, we must also get some opportunity.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

श्री थावरचंद गेहलोत : एक बात मैं और कहना चाहता हूँ। "सिमी " ने बंग्लादेश में एक कैम्प बना रखा है और उन्होंने भारत का एक नक्शा जारी किया है। भारत के नक्शे में एक मुसलमानिस्तान बनाया है जो शायद टीवी में आज तक या एनडीटीवी पर भी आया है। जम्मू कश्मीर से लेकर सीधे उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल और बंग्लादेश तक उन्होंने मुसलमानिस्तान का एक नया नाम दिया है -- यह "सिमी " का अभियान है। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूँ कि इसकी जांच-पड़ताल करें, सीमा पर प्रतिबंध लगाएँ, इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाएं और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए रोक लगाएं।

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपकी इजाजत से इंटरनल सिक्योरिटी के बारे में कुछ ज्यादा नहीं बोलना चाहता, केवल कुछ सजैशन देना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : रैपिटीशन न हो, तो अच्छा है।

चौधरी लाल सिंह : सर, रैपीटीशन नहीं होगा, जो मैं बोलूंगा उससे रैपुटेशन बनेगी।

सर, आप जानते हैं कि शरीर का अंदरूनी हिस्सा अगर अच्छा हो, तो बाहर का कुछ भी खाएं, सब पच जाता है, कोई नुकसान नहीं होता, लेकिन अगर अंदरूनी हिस्सा ठीक नहीं है, बीमार है, तो बाहर का कुछ भी खाएं, पचेगा नहीं और तबियत खराब हो जाती है।

मैं सब्मीशन करूंगा कि हमारी कुछ पालिसीज हैं, उनके बारे में मैं होम मिनिस्टर साहब से रिक्वैस्ट करूंगा कि वे उन पर ध्यान दें। एक तो सिक्योरिटी डिपलायमेंट करते हैं, उसका जो पैटर्न है, वह ऐसा है कि जम्मू-कश्मीर में एक ही स्थान पर बी.एस.एफ. भी तैनात है, सी.आर.पी.एफ. भी तैनात है, जे.के.पी. भी तैनात है और आर्मी भी लगी हुई है, लेकिन इन सब में कोई तालमेल नहीं है। यदि मुख्तलिफ एरिया बांट दिए जाएं और हर एरिया में एक ही फोर्स की जिम्मेदारी आयद कर दी जाए, एक फोर्स को उस एरिया के लिए रेस्पांसीबल बना दिया जाए, तो बेहतर रहेगा।

सर, मैं बताना चाहता हूं कि पिछले साल डल लेक एरिया में सी.आर.पी.एफ. के लोग मारे गए, तो कहा गया कि वह एरिया तो बी.एस.एफ. के पास था। फिर लोअर मंडू में जब 30 आदमी बी.एस.एफ. के मारे गए, तो कहा गया कि वह एरिया तो सी.आर.पी.एफ. वालों के अंडर में था। इस प्रकार से जब वारदात हो जाती है, तो फोर्सेस एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाती हैं। निश्चित एरिए में एक ही फोर्स की ड्यूटी लगाई जाए और उसी को उसकी जिम्मेदारी दी जाए, तब काम ठीक प्रकार से होगा।

सर, मैं बताना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट में एस.पी. होते हैं। उन्हें नोडल आफीसर बनाकर टोटल सिक्योरिटी उनके अधीन करनी चाहिए। हमारी पूरी रियासत में 14 डिस्ट्रिक्ट हैं। ऐसी बात नहीं है कि देश में बेईमान और लुटेरे ही हैं या बेईमान और लुटेरे अफसर ही बचे हैं। देश में बहुत ईमानदार और नेक इंसान भी हैं और ऐसे बहुत से अफसर भी हैं। मेरा कहना है कि पूरी रियासत में से ऐसे नेक और ईमानदारी 14 अफसर छांटिए और उनमें से हर एक को एक-एक डिस्ट्रिक्ट की फुल-फ्लैज्ड जिम्मेदारी दे दीजिए, उन्हें पूरी पावर दे दीजिए और कहिए कि यह आपका जाइंट वैंचर रहेगा, इसी पर आप काम करेंगे। इससे बहुत ज्यादा फायदा होगा।

सर, हमारे यहां एस.पी.ओज. और बी.डी.एस. आपने बनाए हैं। उनके लिए यहां से पैसे जाते हैं। आप 1500 रुपए एस.पी.ओ. को देते हैं। वहां चार-चार आदमी एक-एक एरिया में लगाते हैं। उन्हें मुश्किल से 400-400 रुपए मिलते हैं। 400 रुपए में न वे अपनी यूनीफार्म बनवा पाते हैं, न उनके पास ठीक प्रकार के हथियार होते हैं और न ही उनके पास कम्युनिकेशन के साधन होते हैं। जब वे मिलीटेंट को देखते हैं, तो आर्मी को बुलाने हेतु सूचना देने के लिए उनमें से 90 प्रतिशत लोगों के पास कोई साधन नहीं होते। सिर्फ 10 परसेंट लोग ही ऐसे होते हैं जिनके पास कम्युनिकेशन के साधन होते हैं। मेरा कहना है कि इस तरफ खास ध्यान रखना पड़ेगा। इसी प्रकार जब मिलीटेंट द्वारा कोई एस.पी.ओ. या बी.डी.एस. मारा जाता है, तो उनकी फेमिली को कुछ नहीं मिलता। उनकी फेमिली को एनकरेजमेंट मिलने की बजाय तबाह हो जाती है, बरबाद हो जाती है। मैं समझता हूं कि इसकी तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इनकी जो पे और स्टेटस है, वह भी नहीं के बराबर है। इसलिए उसे बढ़ाना चाहिए।

सर, जब प्रधान मंत्री वहां गए थे, उन्होंने एनाउंस किया था कि वहां पांच बटालियनें खड़ी की जाएंगी। मेरी गुजारिश होगी कि जो एस.पी.ओज. और बी.डी.एस. वहां 10-10 वर्ा से काम कर रहे हैं, वे 20 वर्ा की उम्र में लगे थे और अब उनकी उम्र 30 वर्ा हो गई है। जब नई बटालियनें खड़ी की जाएं, तो एक क्राइटीरिया बनाया जाए, जिसमें इन लोगों को प्रोटैक्शन दी जाए और इन्हें भी मुलाजिम के रूप में उन बटालियनों में लिया जाए। इससे उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और वे अच्छा काम करेंगे।

सर, इसके साथ ही मैं एक बात और कहना चाहता हूं। मैं नाम नहीं लूंगा, लेकिन बहुत से लोग ऐसे हैं जिनको सरकारी प्रौटैक्शन मिली हुई है, जो सरकारी सुरक्षा में हैं। वे लोग प्रोवोक करने का काम करते हैं और रियासत तथा हिन्दुस्तान की तबाही और बर्बादी के सिवाय और कुछ नहीं करते हैं। उनकी सिक्योरिटी को विथड्रा करना चाहिए। इससे उनका दिमाग ठीक हो जाएगा।

आपके जो लोग नेशनलिस्ट हैं, देशभक्त हैं, उन्हें आप बचाइए। वे वहां मारे जा रहे हैं और उनका मरना देश के लिए सबसे घातक है, उन्हें स्ट्रेंथन करना सबसे जरूरी है। मैं आपको दावे के साथ कह सकता हूं कि पाक ड्यूल पालिसी है।â€¦ (व्यवधान)

महोदय, आप थोड़ा टाइम बढ़ा दीजिए, लेकिन जम्मू-काश्मीर के साथ ज्यादती मत कीजिए। मेरे डोडा क्षेत्र में माडवा, बाड़वन, दशन, मोहर, गूल-अरनास, बनी आदि कुछ ऐसे एरियाज़ हैं, जहां कम से कम एक हजार विदेशी आतंकवादी हैं। आप चेक करवा लीजिए। वहां 86 किलोमीटर पैदल का रास्ता है, सारे रास्ते पैदल के हैं, इसलिए वहां कोई नहीं पहुंच सकता। वहां न आपकी सिक्योरिटी वाले पहुंच सकते हैं। वहां लोग टोटली कट-अफ हैं। अगर पाकिस्तान से बात हो रही है तो वे उन्हें वापस क्यों नहीं बुला रहा है, वे खामोश है। पाकिस्तान किसी भी समय कुछ भी करवा सकता है, यह बात आपको ध्यान में रखनी होगी। वह चुप्पी क्यों साधे हुए है, उन्हें वापस क्यों नहीं बुलाया गया? वहां जो हजारों मिलिटेंट्स के ग्रुप बैठे हुए हैं, उनकी तरफ आपको खास ध्यान देना होगा और जो एक प्लानिंग की जा रही है यह किसी धर्म का सवाल नहीं है, किसी एरिया को तबाह करना और इंटरनल सिक्योरिटी में बाधा डालना, मैं समझता हूं कि गलत है। मंदिर और मस्ज़िद बननी चाहिए।

महोदय, एक पालिसी तैयार हुई है। जैसे एक पालिसी बनती है कि सड़क के किनारे क्या करना है, आप चेक करेंगे। मुझे लगता है कि किसी दिन नेशनल हाई-वे भी ब्लाक होगा और कई जगह हादसे हो चुके हैं। You take care. इस पर बहुत सीरियस ध्यान देने की जरूरत है। जम्मू-काश्मीर रियासत के बारे में मैं अपनी पर्सनल राय देना चाहता हूं। आप जानते हैं कि लद्दाख की अपनी पहचान है, जम्मू और काश्मीर की अपनी पहचान है। सब धर्म के लोग वहां रहते हैं, उनकी अपनी-अपनी आइडेंटिफिकेशन है। यहां काश्मीर वाले आटोनोमी मांगते हैं, जम्मू और लद्दाख ने कभी नहीं मांगी, कुछ चंद लोग आटोनोमी मांगते हैं। मैं प्रार्थना करूंगा कि आप उन्हें आटोनोमी दीजिए, काश्मीर को आटोनोमी देकर काश्मीर बना दें, लद्दाख को बना दें और मैं नहीं समझता हूं कि इसमें कोई कंट्राडिक्शन हो जाएगा। आप जम्मू को एक स्टेट बना दीजिए, नहीं तो आपका आहिस्ता-आहिस्ता सब कुछ टूट जाएगा।

महोदय, आपके पास एक जे.के. अफेयर है और कोई कंक्रीट पालिसी नहीं बनती। आज किस से बात करनी है, पहले वाले कहते हैं कि उससे करनी है और अब वाले कहते हैं कि उससे करनी है, इससे नहीं करनी है, उससे करनी है। यह तय किया जाए कि किस से बात करनी है, कौन लोग हैं, किस के साथ बात करनी है। जम्मू-काश्मीर में यह होता है कि आर्मी वाले, सिक्योरिटी फोर्स वाले कहीं ठीक भी करते हैं तो ह्यूमन राइट्स वाले उनकी ऐसी की तैसी करते हैं और न्यूज़ पेपर्स में ऐसे ही छपता है। मैं समझता हूं कि उससे डिसक्रेजमेंट जा रही है। आपने जो सरंडर की पालिसी की है, उसे दोबारा रिव्यू किया जाए। आपको पता है कि नगरोटा में फेक लोगों ने सरंडर किया। उन्हें जब पेश किया तो वे हथियार लेकर आए। मैं पूछना चाहता हूं कि उनके पास हथियार कहां से आए? ये कुछ बातें आपको ध्यान में रखनी होंगी। â€¦ (व्यवधान)

महोदय, आप मेरे कस्टोडियन हैं, इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मेरी कांस्टीट्यूएंसी में मेरे ऊपर तीन अटेक हो चुके हैं। क्या आप सब लोग नहीं चाहते हैं कि मैं जिन्दा रहूं, मैं यहां आऊं और बात करूं? I am the representative of the people. मेरे ऊपर तीन अटेक हुए और डीएसपी उसमें मारा गया तथा छ: सिपाही भी मरे। मेरे आगे वाली गाड़ी उड़ी। मैं वहां जलसा कर रहा था, वहां चार आदमी मरे और तीन जख्मी हुए। वहां एक जगह बम ब्लास्ट किया, लेकिन वह फटा नहीं। मेरे ऊपर तीन अटेक हो चुके हैं। आप मुझे बताइए, मेरा अपनी कांस्टीट्यूएंसी डोडा में जाना इतना मुश्किल हो गया है कि कहने की बात नहीं है। मैंने आपसे प्रार्थना की थी, उसके बाद मैंने प्रार्थना करनी बंद कर दी। मैंने सोचा कि कोई बात नहीं, भगवान के सहारे जो होगा, देखा जाएगा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि क्या मैं इस देश का नागरिक नहीं हूं।

I am representing a particular area, which is the largest constituency of India. हिन्दुस्तान की तीन कांस्टीट्वेंसीज बड़ी हैं, उनमें से एक कांस्टीट्वेंसी मेरी पड़ती है, कठुआ से लेकर टनल तक कितने रोज लोग देखे, मेरे चार लोग मरे हैं, परसों आपने खबर पढ़ी होगी। मेरे कठुआ डिस्ट्रिक्ट में चार पुलिस वाले मरे, जो पीसफुल डिस्ट्रिक्ट हैं, वहां मरे हैं। जो डिस्ट्रिक्ट्स टोटली डिस्टर्ब्ड हैं, उनकी क्या हालत होगी, यह आप सोच सकते हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी सिक्योरिटी पर ध्यान दिया जाये कि किस तरह से आप चाहते हो। अगर आप नहीं देना चाहते हो तो मुझे कोई ऑब्जैक्शन नहीं है, मुझे कोई परवाह नहीं है। मैं लास्ट में कहूंगा कि एक बात का ध्यान रखें कि जो लोग गलत हैं, अगर उनके साथ सख्ती भी करनी पड़े तो आपको करनी पड़ेगी, आज नहीं तो कल करनी पड़ेगी। जो लोग ठीक हैं, उनको आप ठीक करिये। जो सुधरने वाले हैं, उनको सुधारिये, जो बिगड़े हुए हैं, उनको एक बार ठीक कर दीजिए, सारी मुश्किलें ठीक हो जाएंगी।

PROF. M. RAMADASS (PONDICHERRY): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I endorse the views expressed by Hon. Members. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. Ramadass, I request you to please be brief.

PROF. M. RAMADASS : Sir, this is my difficulty every day. My party is a small party in this House and at least here small is not beautiful!

उपाध्यक्ष महोदय : मैं क्या करूं, मेरी मजबूरी है। मेरे पास जितनी लम्बी लिस्ट है, उसके लिए कम से कम दो-ढाई घंटे का टाइम और बढ़ाना पड़ेगा।â€¦ (व्यवधान)

PROF. M. RAMADASS : I endorse the views expressed by hon. Members here that internal security is important. From my point of view, internal security is as important as, if not more important than, development itself. In the absence of internal security, planning for development would be like writing on the sea sands which are being constantly washed away by sea water. Therefore, internal security must be given utmost attention.

Hon. Members who have expressed their views have made two points. The first is that there has been a spate of internal security problems after the present Government has come into existence. The second is that this Government is treating this matter with a criminal callousness and indifference. I counter these two arguments because no statistics has been given to show that there has been a rise in the problem of internal security. At the

same time, I have statistics to prove that if we take the first six months of this year and the corresponding six months of last year, the number of atrocities and incidents of killings have been lesser during these six months. This is the inter-temporal picture.

When we take the country-wise experiences of security issues, our National Security Council Secretariat has worked out what is called, 'National Security Index' for 50 countries. Obviously, USA comes out with the first rank. China has come out with the second rank, India has come out with the eighth rank, and Pakistan ranks 49th among 50 countries. Therefore, when compared with other countries also, the security situation is not as alarming as it is made out by hon. Members here.

At the same time, I am not willing to say that the security situation is very comfortable. We must take care of it through a new approach. We need to have an approach of reconciliation wherever it is required.

To my mind, there are three components of internal security. One is the problem in the North-East; the second is the problem in Jammu and Kashmir; and the third is the Naxalite problem. In all these problems, the Government should adopt unconventional methods or new approaches to solve them. I feel that the Government should evolve a policy of neutrality wherever the problem comes. ...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : मेरे पास लिस्ट में 12 स्पीकर्स हैं।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL : If it is agreeable to hon. Members, you can allow hon. Members to speak tomorrow also. ...(*Interruptions*)

श्री अजय चक्रवर्ती (बसीरहाट) : बाकी चर्चा कल रख दीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय : वे बोल रहे हैं, आप उनको सुन भी नहीं सकते। वे कुछ कह रहे हैं तो उनको कम से कम कुछ कहने दो।

श्री शिवराज वि. पाटील : आज जो लोग तैयार होकर आये हैं, उनको कल आने में दिक्कत हो सकती है, इसलिए आज जितने लोग बोल सकते हैं, उतने बोलें तो ठीक है। उसके लिए आप टाइम बढ़ा सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : टाइम एक घंटा बढ़ा दें?

श्री शिवराज वि. पाटील : ठीक है।

उपाध्यक्ष महोदय : लेकिन आपको ब्रीफ होना पड़ेगा, वरना टाइम एक घंटा बढ़ाने के बावजूद भी लिस्ट खत्म नहीं होगी।

19.00 hrs.

PROF. M. RAMADASS : The Government should evolve a macro-level approach to this issue of internal security and it should be based on the principle of non-discriminatory treatment wherever the question comes. When the Government shows favouritism to some and some kind of discrimination to others, it spoils the

whole atmosphere in the country. Therefore, the Government should be non partison in the matter of internal security. I would feel that as a first step, the key positions in the security forces should be manned by competent persons and the Government should start the process of de-politicisation of appointments and promotions at the senior level in Armed Force as well as Central Police Organisations. The Government should insist that these leaders of competence must inculcate a new culture of integrity and professionalism among the Forces.

Thirdly, the internal security should be left to the care of the Central Forces and the Army should not be deployed to tackle the situation of internal security. The Army Chiefs and other people whom you are appointing should take the accountability part of it and they should try to see that there is an end to smuggling of weapons, narcoties and other instruments for the terrorist groups.

With regard to the North-East, I would feel that the Government should form a group to review the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958 which has become the bone of contention. This Act has been in existence for a long time. It has not worked well. Therefore, the Government will have to think anew and constitute an all-Party committee to review this Act. If it is needed, some of the provisions, which have been misused, can be dropped and even a new law can be brought in place of this Act. We will have to send a new signal and a message to the terrorists in that area by doing so. ...(*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: This is a good suggestion. We have already acted on that. A committee has been constituted and a Supreme Court judge has been made the Chairman of it. There are four other members who are looking into this. ...(*Interruptions*)

PROF. M. RAMADASS : Sir, this Act has to be repealed as the case of POTA. Some of the provisions, which have been misused, must be deleted. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. M. Ramadass, please conclude.

...(*Interruptions*)

PROF. M. RAMADASS : Now, I come to the next problem. In the case of Jammu and Kashmir, we have tried several experiments. We have seen a large number of retired Army Generals and everybody there. It has not worked. I would feel that it is the Muslim sentiments in Jammu and Kashmir that must be respected. Therefore, I would feel that the Government should send an open invitation to the Indian Muslim leadership to take all immediate and possible measures to bring about a sense of conciliation among the Muslims there, which alone can provide a durable solution to the problem of Jammu and Kashmir.

As far as the problem of naxalites is concerned, the Government should try the experiment of Andhra Pradesh and try to open up the process of dialogue with them and try to ease their problems.

The Government should recognise the linkage between bad politics and bad security and politics, and politicians should not provide a helping hand to those who are indulging in those acts of insecurity.

Finally, the Government should work out a comprehensive package of social and economic measures which are the ultimate goal for achieving social justice in this country. Unless economic development and social justice is ensured, the problem of security would be at stake.

SHRI KINJARAPU YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): The internal security of our country has deteriorated not only during the UPA Government's regime but since successive Governments, whatever they may be. So, the terrorists, even the Maoists Group of Naxalites, fundamentalism and Left extremism are all posing threats to our internal security.

We call India, that is *Bharat*, a Union of States. The law and order problem is the State subject. Different political parties are ruling different States. On the question of internal security if the Government of India decides to take any policy decision, then they have to consult the political parties and take them into confidence. When the NDA Government was in power, at the time of Kargil war, repeated meetings with all the political parties took place and there were exchanges of views and inputs and everything. Security is not the Government's duty alone; but internal security is for everybody, for all the political parties. We are all united on this aspect. The whole country is united. The people of this country are also united for the sovereignty of our nation and for its internal security. There is no dispute about it.

Whichever Party is in the Government, they have to take all the political parties into confidence. In Andhra Pradesh, the Government has started discussions with the naxalites. My Party is not against the discussions. How will this Union Government tackle the situation? You are leaving it to the States and the States have already started discussions with the naxalites. But that is not the problem of Andhra Pradesh alone. That is the problem of many other States also. Normally each State has its own perception. The other States also have this problem. They have not started discussion with the naxalites. That is why the Government of India should take a comprehensive view on combating this naxalism. Otherwise, it will not be controlled. If in one State dialogue is started and it is controlled, then how can we control it in other States? A comprehensive policy is required in our country to combat this Maoist naxalism in our country.

Since two decades, according to our experience, 64,000 civilians have been killed by the terrorists. Infiltrations are going on continuously. You take even the two neighbouring countries − Pakistan and Bangladesh. The ISI camps are established recently. The Government's information is there and the intelligence information is also there that the infiltration from Bangladesh is going on and lakhs of people are coming. That is why, since Independence, all the political parties have been demanding on one thing and every Government has been assuring it on the floor of the House. It is about multi-purpose identity card. Some States have their own identity cards. They are spending lot of money. Instead of wasting money on identity cards for particular purpose, a comprehensive all-purpose identity card will serve a lot of purpose to tackle this internal security situation.

We have to think in terms of social and economic lines. You have announced one special package for Jammu and Kashmir. You have to announce some similar packages for the undeveloped areas in Andhra Pradesh in Telengana, in Rayalaseema and in States like Chhattisgarh and other parts where you have to announce a comprehensive package for unemployed youth, for building roads, for providing the basic minimum amenities. You have to provide it; otherwise, how can we tackle that problem and how can we separate the issues? This is not a law and order problem. We have to think in terms of socio-economic lines. We have to give special packages for all these areas, to those areas which have got a threat from these outfits, be it terrorists or whatever it may be. We have to think of it.

Sir, you take the law and order situation in Andhra Pradesh. Seven months after the Congress Government came into power, 37 TDP workers were brutally killed by the Congress Party. We have given a representation to the hon. Prime Minister when he visited Andhra Pradesh. We have given a representation to the Rashtrapatiji and to the National Human Rights Commission also. Then the National Human Rights Commission asked about the details of investigation and everything and then, to some extent, the murders were stopped. The partisan attitude should not be there.

